सोमवार, 7 अप्रैल 2025

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : काम इस प्रकार करते रहो, मानो पूरा कार्य तुममें से प्रत्येक पर निर्भर हैं।

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 35 – 27 |
| आर्द्रता | 82% |
| सूर्योदय: 5:23 | सूर्यास्त: 17:53 |



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर की तीन दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंचे –पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# 'राम राज्य' से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार : प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री ने रामनाथ स्वामी मंदिर में की पूजा

**रामेश्वरम (तमिलनाडु) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन और उनके राज्य से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार है। प्रधानमंत्री ने यहां रामेश्वरम द्वीप और मुख्य भूमि क्षेत्र के बीच रेल संपर्क की सुविधा प्रदान करने वाले पंबन समुद्री पुल के उद्घाटन और नयी रामेश्वरम-तांबरम (चेन्नई) ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर तमिलनाडु में 8300 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा, आज रामनवमी का पावन पर्व है। अब से कुछ समय पूर्व अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला का सूर्य की किरणों ने भव्य तिलक किया है। भगवान श्रीराम का जीवन, उनके राज्य से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार है। उन्होंने संगम युग के साहित्य का हवाला देते हुए भगवान राम के साथ तमिलनाडु के जुड़ाव को भी रेखांकित किया। श्रीलंका के साथ मछुआरों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में श्रीलंका से 3,700 से अधिक मछुआरों को वापस लाया गया है, जिनमें से 600 से अधिक को पिछले साल ही वापस लाया गया। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने इस कार्यक्रम में भाग नहीं लिया और परिसीमन के मुद्दे पर विरोध जताया। स्टालिन ने कहा कि उन्होंने पहले ही प्रधानमंत्री को पुल के उद्घाटन समारोह में भाग लेने में असमर्थता से अवगत करा दिया था, क्योंकि उनके पहले से ही आधिकारिक कार्यक्रम निर्धारित थे। मुख्यमंत्री रविवार को आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उधगमंडलम शहर में थे। स्टालिन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया को लेकर तमिलनाडु के लोगों की आशंकाओं को दूर करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बिना किसी का नाम लिए तमिल भाषा का समर्थन करते हुए पलटवार किया। उन्होंने गरीबों की मदद के लिए तमिल माध्यम में चिकित्सा शिक्षा देने की वकालत की और कहा कि हाल के वर्षों में राज्य को 11 नए मेडिकल कॉलेज मिले हैं। मोदी ने कहा कि तमिल भाषा और विरासत को दुनिया के सभी कोनों तक ले जाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के नेताओं की चिट्ठीयां जब उनके पास आती हैं तो कभी भी कोई नेता तमिल भाषा में हस्ताक्षर नहीं करता है। अरे तमिल का गौरव हो! मैं सबसे कहूंगा कम से कम तमिल भाषा में अपने हस्ताक्षर तो करो। इससे पहले प्रधानमंत्री ने यहां रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल भाषा की पैरवी की

## तमिलनाडु से मातृभाषा में चिकित्सा शिक्षा देने को कहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिल भाषा की रविवार को जोरदार वकालत करते हुए कहा कि इस भाषा को दुनिया भर में ले जाने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। उन्होंने तमिलनाडु सरकार से गरीबों को लाभ पहुंचाने के लिए तमिल माध्यम में चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने को कहा। मोदी ने कहा कि तमिल भाषा और विरासत को दुनिया के कोने-कोने तक ले जाने के प्रयास जारी हैं। प्रधानमंत्री ने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि उन्हें तमिलनाडु के नेताओं से पत्र मिलते हैं और "वे तमिल में हस्ताक्षर नहीं करते। कम से कम अपना हस्ताक्षर तो तमिल में करें।" उन्होंने राज्य में तमिल माध्यम में चिकित्सा की पढ़ाई की वकालत की ताकि गरीब परिवारों के छात्रों को लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री ने कई पहल के संबंध में राज्य के लाभार्थियों का जिक्र करते हुए कहा कि तमिलनाडु को आवंटन में वृद्धि के बावजूद, कुछ लोग धन के लिए शोर मचाते हैं।

## भारतीय संसद ने सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने वाले कानून बनाए हैं : ओम बिरला

नयी दिल्ली : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि संसद ने हाल के वर्षों में कई कानून बनाए हैं जो समाज के हर वर्ग के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संविधान की भावना सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करना, उन्हें समान अवसर प्रदान करना तथा हाशिए पर पड़े और पिछड़े वर्गों को 'प्रगति की मुख्यधारा' में शामिल करना है। बिरला ने उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में आयोजित अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 150वीं बैठक में "सामाजिक विकास और न्याय के लिए संसदीय कार्रवाई" विषय पर दिये मुख्य संबोधन में कहा, "हाल के वर्षों में, भारतीय संसद ने कई कानून पारित किए हैं जो सामाजिक न्याय और सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं तथा समाज के सभी वर्गों के समावेश को प्रोत्साहित करते हैं।"

# बंगाल के जीएसटी संग्रह में वृद्धि राष्ट्रीय औसत से अधिक : ममता

### 2024-25 में जीएसटी संग्रह में 11.43 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की



**कोलकाता,समाज्ञा :** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि राज्य अपने संसाधन जुटाने के प्रयासों में लगातार प्रगति कर रहा है और उसने वित्त वर्ष 2024-25 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में 11.43 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है, जो राष्ट्रीय औसत से दो प्रतिशत अधिक है। बनर्जी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में पश्चिम बंगाल का जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की तुलना में 4,808 करोड़ रुपये अधिक रहा। बनर्जी ने इंटरनेट मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पश्चिम बंगाल अपने संसाधन जुटाने के प्रयासों में लगातार प्रगति कर रहा है, जो वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में संकलित वित्तीय परिणामों से स्पष्ट है। 2024-25 में हमने पिछले वर्ष की तुलना में 4,808 करोड़ रुपये अधिक जीएसटी जुटाया है, जो 11.43 प्रतिशत की वृद्धि है। यह राष्ट्रीय स्तर (9.44 प्रतिशत वृद्धि) से दो प्रतिशत अधिक है और हमारी बढ़ती आंतरिक वित्तीय ताकत को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजीकरण और स्टाम्प शुल्क के मामले में संपत्ति बैनामा की संख्या में साठ हजार की वृद्धि हुई है, जो हमारे बाजार की गतिशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में, 2024-25 में संग्रह पिछले वर्ष की तुलना में 1,908 करोड़ रुपये अधिक रहा है, जो 31.05 प्रतिशत की वृद्धि है। बनर्जी ने कहा कि यह सब दिखाता है कि हम आत्मनिर्भरता और वित्तीय अनुशासन में विश्वास करते हैं, और हमारा प्रशासन बंगाल के लोगों के कल्याण के लिए राज्य के वित्त को सुव्यवस्थित करने को लेकर गंभीर है।

## राज्यपाल बोस ने रामनवमी पर शांति सुनिश्चित करने के लिए ममता सरकार की सराहना की

**कोलकाता,समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने राज्य में रामनवमी पर्व पर शांति सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार की रविवार को सराहना की। बोस ने कहा कि इस वर्ष रामनवमी के उत्सव के दौरान 'राजनीतिक कीचड़ उछालने और हिंसा' के पहले के अनुभव अबकी बार बीती बात प्रतीत हुए। राजभवन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, "हाल के दिनों में और कई वर्षों में पहली बार, पूरे पश्चिम बंगाल में रामनवमी शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई। सभी के सम्मिलित प्रयास रंग लाए हैं।" बोस ने कहा कि राज्य सरकार और राजनीतिक दलों ने यह सुनिश्चित करने के लिए हाथ मिलाया है कि रामनवमी हर्षोल्लास के साथ मनाई जाए। राजभवन ने बयान में कहा, "मुख्यमंत्री और सरकार ने एक व्यापक योजना बनाई और पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की। पूरी व्यवस्था हाई अलर्ट पर है। प्रशासनिक प्रयास और क्षमता का पूरा प्रदर्शन हुआ और यह सुनिश्चित करने में सभी की बड़ी सफलता थी कि लोग खुशी और शांति के माहौल में त्योहार मनाएं।"

# देशभर में मनायी गई रामनवी, रंगारंग शोभायात्राएं निकाली गईं



हावड़ा

**अयोध्या/कोलकाता,समाज्ञा :** देशभर में रविवार को रामनवमी श्रद्धा के साथ मनायी गई और बड़ी संख्या में लोग मंदिरों में पहुंचे, दर्शन किए और रंगारंग शोभायात्राओं में शामिल हुए। बंगाल सहित कई राज्यों में सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाकों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और तृणमूल कांग्रेस के नेता शोभायात्रा में शामिल हुए। भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या स्थित राममंदिर में सूर्य तिलक के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां सूर्य की किरणें बालक श्री रामलला की मूर्ति के माथे पर पड़ीं। त्योहार की शुरुआत रविवार सुबह से ही हो गई थी, जब श्रद्धालु भगवा झंडे लेकर और 'जय श्रीराम' के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में रामायण के दृश्यों को दर्शाती झांकियां थीं और वातावरण में भक्ति संगीत गूंज रहा था। पुलिस हाई अलर्ट पर थी, खासकर उन इलाकों में जहां पूर्व में रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान झड़पें हुई हैं। बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की भागीदारी के साथ लगभग 2,500 रामनवमी शोभायात्रा निकाला जाना निर्धारित था। राज्य में यह धार्मिक अवसर राजनीतिक रणक्षेत्र में बदल गया, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। हिंसा की किसी भी घटना से बचने के लिए पूरे राज्य में 6,000 से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था तथा ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी की जा रही थी, क्योंकि पुलिस सूत्रों ने शोभायात्रा के दौरान संभावित गड़बड़ी की खुफिया रिपोर्ट की पुष्टि की थी। एबीवीपी समर्थकों ने यादवपुर विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी भवन में विशेष प्रार्थना का आयोजन किया, जबकि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विहिप और बजरंग दल सहित कई अन्य हिंदू संगठन भी देश के कई हिस्सों में शोभायात्रा में शामिल हुए। इसके अलावा शोभायात्रा के मार्ग में भारत के नक्शे के आकार की एक विशाल माला लगायी गई थी। समारोह में शामिल एक स्थानीय दुकानदार मोहम्मद अली ने कहा, "भारत इसी का प्रतीक है – विविधता में एकता और सांप्रदायिक सद्भाव।" दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके में रामनवमी शोभायात्रा में भाग लिया। उन्होंने कहा, "क्यों न दिल्ली को भगवा में रंग दिया जाए ताकि हर व्यक्ति समृद्ध हो और शहर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े।" गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में अब तक की गई तुष्टिकरण की राजनीति पर एक 'लक्ष्मण रेखा' खींची जाएगी और अब संतुष्टिकरण की राजनीति होगी। उत्तर प्रदेश में, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और कन्या पूजन सहित पारंपरिक अनुष्ठान संपन्न किये। श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना की और रामायण पाठ और कीर्तन में हिस्सा लिया। वाराणसी में एक विशेष हवन का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने मंदिरों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की। जम्मू कश्मीर में भगवान राम, लक्ष्मण और सीता की वेशभूषा में सजे छोटे बच्चे श्रीनगर के लाल चौक पर शोभायात्रा में शामिल हुए।



अयोध्या : रामनवमी पर किया गया रामलला का 'सूर्य तिलक'

## 26 हजार नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों की आज होगी बैठक, मुख्यमंत्री भी होंगी शामिल

### कुणाल ने बेंठक में अशांति फैंलने की आशंका जताई

**कोलकाता, समाज्ञा :** हाल ही में नौकरी गंवाने वाले 26 हजार शिक्षकों ने आज बैठक का आयोजन किया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद नौकरी गंवाने वाले लगभग 26 हजार लोग अब अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। इस दिशा को तय करने के लिए सोमवार को नेताजी इंडोर स्टेडियम में नौकरी गंवाने वालों के बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शामिल होंगी। इस समागम में भी विपक्षी दलों के उकसावे पर अशांति फैलाने का षड्यंत्र किया जा सकता है, इस बारे में तृणमूल के राज्य के वरिष्ठ सचिव कुणाल घोष ने अपनी चिंता व्यक्त की।

रविवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कुणाल ने कहा, मुख्यमंत्री नौकरी गंवाने वालों की संकटपूर्ण स्थिति में वैकल्पिक रास्ता खोजने की कोशिश कर रही हैं। 7 सितंबर को वह नौकरी गंवाने वालों से मिलेंगी। हमें कई सूत्रों से जानकारी मिली है कि कल के समागम में विपक्षी दलों के समर्थन से जानबूझकर उकसावा फैलाकर अशांति पैदा करने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने आगे कहा, जो विपक्षी दल नौकरी पर राजनीति करते हैं, वे नहीं चाहते कि वैकल्पिक रास्ता खोजा जाए और समस्याओं का समाधान हो। विपक्षी षड्यंत्रकारियों को यह नहीं चाहिए कि मुख्यमंत्री का संदेश जनता तक पहुंचे।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नाराज नौकरी खोने वाले उम्मीदवारों ने उठाए गंभीर सवाल

**मुख्यमंत्री से मिलने से पहले चेतावनी**

राम नवमी के दिन रविवार को शहीद मीनार के पास एकत्रित हुए उम्मीदवारों ने अपने विरोध स्वरूप सरकार से पूछा कि आखिर सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा निर्णय क्यों लिया? साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले और सीबीआई जांच पर भी सवाल उठाए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की सूची अलग क्यों नहीं की गई। इन उम्मीदवारों का कहना है कि अगर उनका मामला सुलझाया नहीं जाता है तो वे एक बड़े आंदोलन की शुरुआत करने को मजबूर होंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री से मिलने के लिए नेताजी इंडोर स्टेडियम जरूर आएंगे, लेकिन अगर वहां कोई समाधान नहीं निकला, तो 21 अप्रैल को वे नवान्ना अभियान करेंगे। शिक्षक संगठनों की ओर से 1 बैशाख तक का समय सीमा भी तय की गई है।


# उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com


## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष का घर फूंका

### वक्फ संशोधन कानून के समर्थन में दिया था बयान

**इंफाल :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अल्पसंख्यक मोर्चा की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष असकर अली के घर को रविवार रात भीड़ ने आग लगा दी, क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर वक्फ संशोधन अधिनियम का समर्थन किया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना थौबल जिले के लिलोंग में हुई। अली ने शनिवार को सोशल मीडिया पर इस कानून के प्रति अपना समर्थन जताया था। अधिकारियों ने बताया कि रात करीब नौ बजे गुस्साई भीड़ उनके आवास के बाहर एकत्र हुई, तोड़फोड़ की और बाद में घर को आग लगा दी। इस घटना के बाद अली ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपने पिछले बयान के लिए माफी मांगी। उन्होंने इस कानून के प्रति विरोध भी जताया। इससे पहले दिन में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ इंफाल घाटी के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए। पांच हजार से अधिक लोगों ने एक रैली में भाग लिया, जिससे लिलोंग में राष्ट्रीय राजमार्ग-102 पर यातायात बाधित हो गया।

## ब्रिटेन में 'सैंड मास्टर' पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय कलाकार बने सुदर्शन पटनायक

**लंदन/भुवनेश्वर :** विश्व प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक को इस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 'फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। दक्षिणी इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी के वेमाउथ में शनिवार को शुरू हुए सैंडवर्ल्ड 2025 अंतरराष्ट्रीय रेत कला महोत्सव के दौरान, पटनायक ने एक और उपलब्धि तब हासिल की जब उन्होंने 'विश्व शांति' के संदेश के साथ भगवान गणेश की 10 फुट ऊंची रेत की मूर्ति बनाई। इस साल पटनायक को ये प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलना इसलिए भी खास है क्योंकि दिग्गज ब्रिटिश रेत कलाकार फ्रेड डारिंगटन की 100वीं वर्षगांठ मनायी जा रही है। पटनायक ने कहा, "मैं ब्रिटेन के वेमाउथ में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रेत कला महोत्सव सैंडवर्ल्ड 2025 में 'फ्रेड डारिंगटन' ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला भारतीय कलाकार बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।" उन्होंने कहा, "यह सम्मान भगवान गणेश की मेरी 10 फुट की रेत मूर्ति का प्रमाण है, जो विश्व शांति के सार्वभौमिक संदेश का प्रतीक है।"





A Fresh Reason to Return...!

- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE



Four Square by Basu Hotel
PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241
THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

## अनिवार्य सार्वजनिक प्रकटीकरण वक्त की मांग

ऐसे वक्त में जब न्यायपालिका में अधिक पारदर्शिता की मांग सार्वजनिक विमर्श में है, सुप्रीम कोर्ट के सभी वर्तमान न्यायाधीशों के द्वारा न्यायालय की वेबसाइट पर विवरण प्रकाशित करके अपनी संपत्ति का सार्वजनिक रूप से खुलासा करने पर सहमति व्यक्त करना सुखद ही है। निश्चय ही यह एक सार्थक पहल ही कही जाएगी। दरअसल, यह कदम न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास में लगी आग में नोटों का जखीरा जलने के समाचार प्रकाश में आने के कुछ समय बाद उठाया गया है। उल्लेखनीय है घटना के समय वे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। निश्चय ही इस घटनाक्रम से समाज में अच्छा संदेश नहीं गया। दरअसल, वर्तमान परिपाटी के अनुसार न्यायाधीशों के लिये निजी संपत्ति का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना एक स्वैच्छिक परंपरा है। जिसे अनिवार्य बनाने की मांग की जाती रही है। निश्चय ही न्याय व्यवस्था के संरक्षक होने के कारण इसके स्वैच्छिक रहने पर तमाम किंतु-परंतु हो सकते हैं। जनता हमेशा से ही पंच-परमेश्वरों की स्वच्छ-धवल छवि की आकांक्षा रखती है। दरअसल, न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति के खुलासे का मुद्दा दशकों तक सार्वजनिक विमर्श में उठता रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 में, सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार उसके सभी न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति और देनदारियों की घोषणा देश की शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी थी। इसी प्रकार उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को ये विवरण उनके राज्य के मुख्य न्यायाधीशों के समक्ष पेश करने थे। यहां ये उल्लेखनीय है कि इस प्रस्ताव के साथ एक शर्त भी जुड़ी थी कि ये घोषणाएं स्वैच्छिक और गोपनीय रहेंगी। लेकिन साथ ही सार्वजनिक विमर्श में यह मुद्दा भी रहा कि जनता भी इन जानकारियों को जानने की इच्छुक रहती है। वहीं दूसरी ओर वर्ष 2005 में सूचना के अधिकार अधिनियम को एक उम्मीद की किरण के रूप में देखा गया। लेकिन सूचना के अधिकार अधिनियम के एक प्रावधान में व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक करने में छूट दी गई थी। तर्क दिया गया था कि जब तक व्यापक सार्वजनिक हित में जरूरी न हो, प्रकटीकरण में छूट दी जाए।

दरअसल, इन प्रावधानों से न्यायाधीशों की संपत्ति की घोषणाओं की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं के लिए एक अवरोध पैदा हुआ। यहां उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग की अनुमति देते हुए कहा था कि सूर्य का प्रकाश वास्तव में सबसे अच्छा कीटाणुनाशक है। इस वक्तव्य के आलोक में न्यायाधीशों को भी अपनी संपत्ति के बारे में वास्तविक जानकारी सार्वजनिक परिदृश्य में रखने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। अन्यथा तथ्यों की परदादारी जनमानस के मन में कतिपय संशयों को भी जन्म दे सकती है। न्यायिक परिदृश्य में पारदर्शिता उजागर करने में विधायिका की सक्रिय भूमिका भी वक्त की मांग है। यहां उल्लेख करना समीचीन होगा कि विधि एवं न्याय विभाग की संसदीय समिति ने वर्ष 2023 में न्यायाधीशों के लिये अनिवार्य रूप से संपत्ति की घोषणा की सिफारिश की थी। लेकिन इस बाबत अभी तक कोई वैधानिक नियम नहीं बनाए गए हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियों और नौकरशाहों को अपनी संपत्ति का सार्वजनिक खुलासा करना कानूनन अनिवार्य किया जा चुका है। ऐसे में आम जनमानस में धारणा बनी रहती है कि न्यायपालिका के बाबत भी कोई व्यवस्था होनी चाहिए। यह प्रश्न न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता और जबावदेही से भी जुड़ा है। यह सुखद होगा कि यदि ऐसी कोई पहल स्वयं न्यायपालिका की तरफ से होती है। न्यायपालिका हमेशा से समाज में पारदर्शिता व व्यावसायिक शुचिता की पक्षधर रही है। जनता इस कसौटी पर अपने पंच परमेश्वरों को भी खरा उतरता देखना चाहती है। निस्संदेह इस तरह के फैसले का दूरगामी प्रभाव भी होगा। इस दिशा में किसी भी पारदर्शी व्यवस्था का समाज में स्वागत ही होगा। ऐसे किसी भी कदम से उस आम आदमी के विश्वास को भी बल मिलेगा जो हर तरह के अन्याय व भ्रष्टाचार से तंग आकर उम्मीद की अंतिम किरण के रूप में न्यायालयों का रुख करता है। वह न्यायाधीशों को सत्य व सदाचारिता के प्रतीक के रूप में देखता है। वो न्याय देने वालों को न्याय की हर कसौटी पर खरा उतरना देखना चाहता है। यह न्याय की शुचिता की भी अनिवार्य शर्त है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 7 अप्रैल, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र शुक्लपक्ष दशमी, 20:05 तक, नक्षत्र : पुष्य, 06:22 तक, योग : धृति, 18:19 तक, सूर्योदय: 5:24, सूर्यास्त: 17:53, चन्द्रोदय : 13:11, चन्द्रास्त: 02:01, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, अमान्ता महीना, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 07:00 से 08:33

## राशिफल

**मेष :** आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। नया काम शुरू करने का उत्साह रहेगा। घर के कार्यों में भी आप विशेष रुचि लेंगे। अधिकारी वर्ग के लोगों से आपको प्रशन्सा मिल सकती है।

**वृष :** आज तनाव दूर होने से मानसिक प्रसन्न रहेगी। कृषि कार्य से जुड़े लोग कुछ परेशान हो सकते हैं। व्यापार में अपने उत्पादों की गुणवत्ता का ध्यान रखें।

**मिथुन :** आज रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे कार्यों से दूरी बनाकर रखें जिसको लेकर आपके पास पूरी सूचना नहीं है। आज आपको धैर्य और साहस का परिचय देना होगा।

**कर्क :** आज आप अपनी तरफ से लोगों की काफी मदद करेंगे। इससे आपकी छवि काफी अच्छी हो सकती है। जो लोग आपसे नाखुश थे, वे भी आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं।

**सिंह :** आप चिड़चिड़े भी हो सकते हैं। आपके कुशल प्रबन्धन और जिम्मेदारी लेने की प्रवृत्ति के कारण लोग आपकी काफी प्रशन्सा करेंगे। धर्म-कर्म को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**कन्या :** आज थकान का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में काम करने का मन नही करेगा। आज आपको योग और ध्यान का सहारा लेना चाहिये। सरकारी काम में कामयाबी मिलेगी।

**तुला :** तुला राशि (ड्ळलीर बीैलेशि): लापरवाही पूर्ण रवैया अपना उचित नहीं है। बौद्धिक प्रकृति के लोग आपसे सलाह लेने का प्रयास करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा।

**वृश्चिक :** आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। जिन कार्यों में आपको आनन्द आता है,आप उसमें स्वयं को व्यस्त रखने का प्रयास करेंगे। स्वजनों के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं।

**धनु :** आज तनाव में आ सकते हैं। परिस्थितियाँ कुछ नकारात्मक सी रहेंगी। आप जो नहीं चाहते हैं उन कार्यों में भी आपको संलग्न होना पड़ सकता है। धन से जुड़े मामलों को लेकर सावधान रहें।

**मकर :** आज मानसिक रूप से शान्ति महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में लोग आपके अनुकूल रहेंगे। घर का माहौल काफी अच्छा रहेगा। योग और जीवनशैली जैसे विषयों को लेकर आप काफी जागरूक रहेंगे।

**कुम्भ :** आज व्यवसायी अपने अपनी दुकान या शोरूम आदि में अग्नि आदि से सुरक्षा के मानकों पर ध्यान दें। आज आपको काम से ज्यादा प्रबन्धन पर ध्यान होगा।

**मीन :** आज परिजन आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। नौकरीपेशा लोग आज घर पर आराम करने का विचार बना सकते हैं।

# हंसा-3 (एनजी) ने भारत की विमानन आत्मनिर्भरता की उड़ान को शक्ति प्रदान की



डॉ. जितेंद्र सिंह

भारत वर्तमान में वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है। इस दशक के अंत तक, यह अनुमान है कि यह आश्चर्यजनक रूप से तीन सौ मिलियन घरेलू यात्रियों को सेवा प्रदान करेगा, जो वैश्विक विमानन क्षेत्र में एक प्रमुख शक्ति के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत करेगा। यात्रियों की संख्या में यह तीव्र वृद्धि केवल एक विस्तारित विमानन उद्योग से कहीं अधिक को दर्शाती है - यह लाखों भारतीयों की बढ़ती आकांक्षाओं को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार भारत को अग्रणी राष्ट्रों में शामिल करने तथा वैश्विक मानकों पर खरा उतरने के लिए संकल्पबद्ध है तथा देश तेजी से बढ़ती विमानन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार है, ऐसे में सबसे बड़ी आवश्यकता पायलटों की मांग है, जो इस विकास पथ को कायम रखने में एक महत्वपूर्ण घटक है। नागर विमानन मंत्रालय की हालिया रिपोर्टों के अनुसार, भारत में पायलटों की मांग अगले दो दशकों में कम से कम पांच गुना बढ़ने का अनुमान है, जो वर्तमान संख्या से कहीं अधिक है। मांग में यह वृद्धि भारत के नागर विमानन क्षेत्र में



यात्री यातायात तथा विमान बेड़े के विस्तार में तेजी से वृद्धि के कारण है, जिसे नागर विमानन मंत्री श्री के राममोहन नायडू द्वारा शुरू की गई दूरदर्शी पहलों से बल मिल रहा है।

भारत में वर्तमान में 38 उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) हैं। कुशल पायलटों की बढ़ती मांग के साथ, देश में एक बड़ा तथा विश्वस्तरीय उड़ान प्रशिक्षण इको-सिस्टम विकसित करना महत्वपूर्ण है, जिसमें प्रशिक्षक विमानों की संख्या में आनुपातिक वृद्धि हो। वर्तमान में, भारत में छोटे नागरिक विमान बाजार पर बड़े पैमाने पर विदेशी कंपनियों का नियंत्रण है तथा घरेलू कंपनियों का इसमें कोई खास दबदबा नहीं है।

पूरी तरह से आत्मनिर्भर होने के लिए हमारे देश को स्वदेशी नागरिक विमान विकास की आवश्यकता है। यह देश की विशेषज्ञता और क्षमताओं को प्रदर्शित करेगा, जो भारत को एयरोस्पेस घटक निर्माण के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करेगा। प्रारंभिक डिजाइन से लेकर अंतिम उत्पादन तक हर चरण में उत्कृष्टता प्राप्त करके इस तरह के प्रयास देश के विमानन उद्योग को काफी मजबूत करेंगे।

हंसा-3 विमान, जिसका वाणिज्यिक नाम हंसा-3 (नई पीढ़ी) है, को वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशालाओं (सीएसआईआर-एनएएल) द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है, जिसमें कई उन्नतियां हैं जो उड़ान समुदाय की ज़रूरतों को पूरा करती हैं। अत्याधुनिक ग्लास कॉकपिट, ईंधन-कुशल रोटैक्स 912 ळडल3 स्पोर्ट इंजन और 620 समुद्री मील की रेंज और सात घंटे की सहनशक्ति जैसे उन्नत प्रदर्शन मीट्रिक्स की विशेषता वाला यह विमान आधुनिक ट्रेनर विमान मानकों को फिर से परिभाषित करता है। प्रमुख प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद, हंसा-3 (एनजी) अब दिन और रात के संचालन के लिए प्रमाणित है, साथ ही आईएफआर संचालन के लिए इसकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए और कदम उठाए गए हैं।

सीएसआईआर-एनएएल का हंसा-3 (एनजी) भारत की विमानन महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह इस दशक के अंत तक भारत को वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में स्थापित करने और 2047 तक विकसित भारत के व्यापक लक्ष्य को प्राप्त करने के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के साथ सहज रूप से संरेखित है।

सीएसआईआर-एनएएल का एक उद्योग भागीदार के साथ हाल ही में किया गया सहयोग हंसा-3 (एनजी) विमानों के उत्पादन में वृद्धि के साथ घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मांगों को पूरा करेगा। बेंगलुरु में स्थापित होने वाली उत्पादन सुविधा सालाना 36 विमानों का निर्माण शुरू करेगी, जो बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए 72 इकाइयों तक बढ़ जाएगी। भारत के पहले ऑल-कम्पोजिट एयरफ्रेम विमान के रूप में, हंसा-3 (एनजी) एक गेम-चेंजर है, जो फ्लाइंग क्लबों को अगली पीढ़ी के पायलटों को प्रशिक्षित करने में सक्षम बनाता है और साथ ही शौकिया उड़ान की संस्कृति को भी बढ़ावा देता है।

प्रशिक्षण से हटकर, हंसा-3 (एनजी) निगरानी, हवाई फोटोग्राफी, पर्यावरण निगरानी और अन्य जैसी भूमिकाओं के लिए अपार संभावनाएं रखता है। इसकी तैनाती से छोटे विमान विनिर्माण इको-सिस्टम को प्रोत्साहन मिलेगा, स्थानीय बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलेगा और छोटे से मध्यम स्तर के उद्यमों को विमानन आपूर्ति श्रृंखला में योगदान करने में सक्षम बनाया जाएगा।

हंसा-3 (एनजी) माननीय प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में भारत की प्रगति का प्रतीक है, जिसमें विमानन क्षेत्र देश के आत्मनिर्भरता आंदोलन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जैसे-जैसे हंसा-3 (एनजी) स्वयं को एक लागत प्रभावी और बहुआयामी प्रशिक्षक विमान के रूप में स्थापित करेगा, यह एयरोस्पेस विनिर्माण में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए भारत की तैयारी का भी संकेत देगा। सीएसआईआर-एनएएल और उद्योग भागीदार के बीच सहयोग केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करने के बारे में नहीं है, यह एक ऐसे भविष्य को आकार देने के बारे में है, जहां भारत विमानन, नवाचार और प्रौद्योगिकी में अग्रणी देश के रूप में उभरता है।

भारत का विमानन उद्योग अभूतपूर्व विकास के पथ पर है। मजबूत पहलों, हंसा-3 (एनजी) जैसी नवीन प्रौद्योगिकियों और हितधारकों के सामूहिक प्रयास के साथ देश खुद को एक वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए तैयार है, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर एयरोस्पेस इको-सिस्टम के लिए इसकी आकांक्षाओं को पूरा करता है।

**डॉ. जितेंद्र सिंह विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं।**

# वेव्स: रचनात्मक कंटेंट सृजन की वैश्विक क्रांति में भारत का नेतृत्व



धर्मेंद्र तिवारी

एडीजी, पीआईबी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

रचनात्मकता की सीमा नहीं होती। अनादि काल से, रचनाकारों ने इस दुनिया को विकास की वो दिशा दी है, जिसने हमारा जीवन संवारा है। ऐसे अनेकों महान रचनात्मक विचार थे, जिन्होंने हमें सभी वैश्विक सभ्यताओं में, एक आधुनिक सभ्य समाज के रूप में आकार दिया। हमारे पूर्वजों के रचनात्मक दृष्टिकोण ने न सिर्फ अंधकारमय युग से लेकर अब तक, अपना भविष्य संवारा बल्कि हमारी आज की पीढ़ी का वर्तमान भी। 21वीं सदी में बेबी बूमर्स पीढ़ी से लेकर ऋ़ष्ठापन (जेन जी) तक, हम जिस प्रगति का लाभ उठा रहे हैं, वो हमारे पूर्वजों की रचनात्मकता ही तो है। आज के इंटरनेट युग में यदि तकनीक से लैस रचनात्मक युवा सोच को कुशल अनुभवी पीढ़ी का दिग्दर्शन मिल जाय तो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मानव बेहतर जीवन जी सकेगा। इस लिहाज से, रचनाकारों की पहचान करना, उन्हें समसामयिक अनुभवी विद्वानों का कुशल मार्गदर्शन देना, पारम्परिक समझ साझा करना और रचनाकारों की उत्कृष्ट सामग्री, क्रिएटिव कंटेंट के लिए उन्हें बाजार उपलब्ध कराना, ये हर पीढ़ी के नीति निर्माताओं के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाता है। आधुनिक इंटरनेट युग में, दुनिया की रचनात्मक संभावनाओं को युवा सोच के लिए खोलते हुए, भारत सचमुच रचनात्मकता की थ-तएड पर सवार है। वेव्स (विश्व दृश्य श्राव्य एवं मनोरंजन, वर्ल्ड ऑडियो विज़ुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट), जो मुंबई में 1 से 4 मई तक हो रही है, में भारत का लक्ष्य है अपनी क्रिएटिव सॉफ़्ट पावर की शक्ति से दुनिया को एकजुट करना, जिससे हम सभी देशों के बीच आपसी सद्भाव बढ़ा सकें। वहीं, मीडिया और मनोरंजन उद्योग के स्तर पर, नई दिल्ली के हमारे नीति निर्माता थ-तएड 2025 के माध्यम से रचनाकारों को जोड़ने का भागीरथ कार्य देश की मनोरंजन राजधानी मुंबई में इस आयोजन के रूप में पहली बार कर रहे हैं। वेव्स न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर के रचनाकारों के लिए एक शानदार अवसर है। इस समिट का व्यापक उद्देश्य है कनेक्टिंग कंट्रीज, कनेक्टिंग क्रिएटर्स।

चाहे वह प्राचीन काल से चला आ रहा योग एवं आयुर्वेद का भारतीय ब्रांड हो या बोलती फिल्मों के अस्तित्व में आने के बाद पिछले 100 वर्षों में बॉलीवुड का मनोरंजक संगीत,हमारे रचयिता या क्रिएटर्स, सभी पीढ़ियों के क्रिएटर्स के लिए ज्ञान को सुलभ कराते हुए दुनिया को आकार दे रहे हैं। इसी प्रकार से, दुनिया भर के क्रिएटर्स के लिए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और सही मायनों में स्वयं का भविष्य संवारने की खुद की रचनात्मक यात्रा में अपना नाम और यश कमाने हेतु वेव्स हम सभी के लिए एक शानदार अवसर है। फिल्में हों,संगीत हो,गेम्स हों,कॉमिक्स हो या फिर शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सेवा को अधिक किफायती बनाने के लिए तकनीकी नवाचार, क्रिएटर्स को मीडिया और मनोरंजन उद्योग को भविष्य में आकार देने की क्षमता रखने वाले उपकरण विकसित करके सदैव आगे बने रहने का लाभकारी अवसर वेव्स 2025 का मंच प्रदान करता है। उच्च गुणवत्ता की रचनात्मक प्रतिभाओं की पहचान करने की दिशा में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा किए गए प्रयासों के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। 32 'क्रिएट इन इंडिया,क्रिएट फॉर द वर्ल्ड' चैलेंज के माध्यम से दुनिया भर से चुने गए करीब 750 शॉर्टलिस्टेड क्रिएटर्स अब मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में अपना जलवा दिखाएंगे। पूरा देश और दुनिया देखेगी, इन क्रिएटर्स के उन कामों को जो सही मायनों में नवाचार हैं। उद्योग जगत के विशेषज्ञों तथा बाजार के पेशेवरों द्वारा जूरी-आधारित चयन की प्रक्रिया के माध्यम से भारत सरकार द्वारा पहचाने गए क्रिएटर्स के बेहतरीन काम मीडिया के सामने आने लगे हैं, जिसमें अभिनव तरीकों का प्रयोग कर हमारे जीवन को बदलने की एक बड़ी क्षमता परिलक्षित होती है।अगली बार जब आप पर्यटक के तौर पर पोर्ट ब्लेयर स्थित सेलुलर जेल जाएंगे,तो आपको स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर से बातचीत करने का बेहतरीन अनुभव प्राप्त होगा। महज एक क्रिएटिव फर्म द्वारा इसे संभव बनाने के लिए अपने एक्सटेंडेड रियलिटी(दठ) टैलेंट का इस्तेमाल किए जाने की बदौलत ऐसा होगा। वेव्स के वैश्विक मंच से क्रिएटर्स ऐतिहासिक गाथाओं व लोककथाओं का वर्णन करते हुए भारत या विदेश में अन्य ऐतिहासिक स्थलों तक भी खुद की पहुँच कायम करने की इच्छा शक्ति रखते हैं। अपने एक्सटेंडेड रियलिटी(दठ) और वर्चुअल रियलिटी(तठ), कौशल का प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ नए युवा बल्कि अनुभवी टेक्नोमेडिया कंपनियाँ दोनों को ही क्रमशः बाज़ार और मनोरंजक व रचनात्मक सामग्री वेव्स के मंच के माध्यम से मिल रही है। मीडिया व मनोरंजन जगत के साथ साथ देश दुनिया की स्ट्रीमिंग तथा प्रसारण जैसी तकनीक आधारित फर्म्स के लिए भी भविष्य के अनोखे क्रिएटर्स की परख मील का पत्थर है।

क्रिएटर्स की एक और टीम ने हमारी ऑनलाइन खरीददारी में वास्तविक दुनिया के वाणिज्य का अहसास देने के लिए वीआर का उपयोग किया है, ताकि आप को मात्र कुछ तस्वीरों से उत्पाद का त्रिविमीय अनुभव कराया जा सके। प्रौद्योगिकी से प्रेरित एक अन्य क्रिएटिव प्रतियोगी कम्पनी ने योगाभ्यास करने वालों की दोषपूर्ण मुद्राओं के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाधान के रूप में एक्सआर का उपयोग करके फिटनेस फ्रीक लोगों की योग मुद्राओं को दुरुस्त करने का एक समाधान,पोज़परफेक्ट,निकाला है। ये क्रिएटिव प्रयास है,जो वास्तविक समय की एक समस्या है का समाधान देकर आपकी हमारी जीवनशैली सुधारता है। उचित सहायता और मार्गदर्शन के साथ युवा रचनात्मकता भारत को वर्ल्ड कॉन्टेंट हब के रूप में स्थापित कर सकती है।हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ा सकती है। साथ ही वेव्स दुनिया भर में रोजगार के अवसरों का सृजन कर सकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के'क्रिएट इन इंडिया,क्रिएट फॉर द वर्ल्ड'के विजन को वेव्स के माध्यम से साकार किया जा सकता है।

भारत के दूरदराज के इलाकों के कोडर भी वेव्स के तहत सीआईसी चैलेंज से लाभान्वित हो रहे हैं। वेव्स के मंच पर अपने कोडिंग कौशल की पहचान की बदौलत कश्मीर के एक 16 वर्षीय लड़के ने खुद कास्टार्टअप बनाने के सपनों को आकार देना शुरू कर दिया है। ये सिर्फ कश्मीर के एक युवा की कहानी नहीं है,बल्कि दुनिया भर में अनेक क्रिएटिव युवा हैं,जो वेव्स के टैलेंट हंट फोरम,क्रिएटोस्फेयर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करके अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कलात्मक सृजन के साथ प्रौद्योगिकी का संगम अपने चरम पर होने के कारण मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में अपनी सॉफ्ट पावर के माध्यम से आने वाले समय में भारत रचनात्मक कंटेंट सृजन की वैश्विक क्रांति में नेतृत्व कर सकता है।

हमारी कहानी सुनाने की एक समृद्ध विरासत है जिसमें यदि कोडिंग का कौशल भी मिल जाय तोहम भारतीय अपनी रचना को न केवल पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट,बल्कि नैतिक रूप से भी मनोरंजक के साथ शिक्षाप्रद बना सकते हैं। वह भी एक ऐसे समय में जब पारंपरिक ज्ञान व आधुनिक तकनीक को सभी को सुलभ कराने के लिए सच बोलना बहुत महत्वपूर्ण है। वेव्स दुनिया के सामने यह दिखाने के लिए पूरी तरह से तैयार है कि क्रिएटर्स ने किस प्रकार से सभी पीढ़ियों में मानवीय समझ को कुशाग्र बनाया है। इसलिए चाहे रील मेकिंग प्रतियोगिता हो या टेल द ट्रूथ हैकथॉन,रचनात्मकता के सभी स्वरूपों में सृजनात्मक प्रतिभा की पहचान अनिवार्य है। शीर्ष कॉमिक निर्माताओं की क्रिएटिव कॉमिक एनीमेशन वेव्स के माध्यम से इन दिनों मीडिया में क्रिएटिव वेव्स बना रही है। शास्त्रीय संगीत की दुनिया में भी,दूरदर्शन पर दिल्ली घराने का टैलेंट हंट शो, वाह उस्ताद रचनात्मकता के पारंपरिक स्वरूपों को पुनर्जीवित कर रहा है।इसके अलावा,अगर हमारी आधुनिक जेन जी पीढ़ी के क्रिएटर बच्चों की बात करें जो अपने मोबाइल ऐप पर पियानो या कोई अन्य संगीत वाद्ययंत्र बजाते हैं,तो इलेक्ट्रॉनिक डांस और म्यूजिक एंड डीजेइंग कॉम्पिटिशन (ईडीएम) भी नए दौर के प्रतिभाशाली क्रिएटर्स को आकर्षित कर रहा है। भारत दुनिया भर के लगभग 160 देशों से संपर्क कर चुका है,ताकि वे अगले महीने आयोजित होने वाले क्रिएट इन इंडिया चैलेंजेस के सीजन 1 के ग्रैंड फिनाले के दौरान दुनिया के शीर्ष क्रिएटर्स द्वारा पहचाने ग्लोबल क्रिएटिव टेलेंट को देख सकें।

पहला वेव्स समिट मीडिया और मनोरंजन (एमएंडई)क्षेत्र के लिए एक उपलब्धि है। यह ऐतिहासिक समिट ग्लोबल लीडर्स,मीडिया पेशेवरों,कलाकारों,नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के हितधारकों को एक साथ लाएगा। यह समिट भारत को दुनिया का कॉन्टेंट हब बनने की दिशा में प्रयास है। रचनात्मक क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के आगमन के साथ,सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों पर भी इस समिट में खुले मन से चर्चा होगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग,डीपफेक की समस्या जिसमें चित्रों व आवाज में फेरबदली की जाती है जैसी कई समस्याओं पर निदान निकालने के लिए भारत 'वेव्स डिक्लेरेशन' की पहल करेगा। गलत सूचना का खतरा और अनुभवी पारंपरिक मीडिया की स्थिरता जैसे वास्तविक समाधान भी वैश्विक मीडिया संवाद की विषय वस्तु के रूप में उभर कर सामने आ सकते हैं। अपनी तरह के पहले आयोजन के रूप में,वेव्स 2025 इन मुद्दों पर विमर्श करेगा और ऐसे समाधान तलाशेगा,जो सांस्कृतिक विविधता,नवाचार और मीडिया प्लेटफ़ॉर्म तक समान पहुँच को बढ़ावा दें। वेव्स 2025 केवल एक समिट मात्र नहीं है;अपितु यह एक अधिक सम्बद्ध,रचनात्मक और सहयोगपूर्ण दुनिया के लिए एक विजन भी है।

## देश की खबरें

### सत्ता से दूर कुंठित विपक्ष प्रदेश में अशांति, वैमनस्य फैलाने की साजिश कर रहा: धामी

**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि सत्ता से लगातार दूर रहकर कुंठित विपक्ष हताशा में धार्मिक, क्षेत्रीय एवं जातीय भावनाएं भड़काकर प्रदेश में अशांति एवं वैमनस्य फैलाने की साजिश कर रहा हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनके रहते विपक्ष के ऐसे प्रयास किसी कीमत पर सफल नहीं होंगे। मुख्यमंत्री राम नवमी पर भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर यहां प्रदेश मुख्यालय मे आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकता राज्य के सम्मान और सुरक्षा के लिए एकजुट खड़ा है। उन्होंने कहा, ''हम उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए अखंड और अडिग हैं। विकसित राज्य की इस यात्रा के हम सभी सहयात्री हैं और लक्ष्य प्राप्ति तक यह रुकने वाली नहीं है।'' विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए धामी ने कहा, ''हम योजना बनाने से लेकर उसका शिलान्यास और लोकार्पण भी करते हैं।''

### वक्फ विधेयक पर रुख बदलने को लेकर बीजद का आंतरिक असंतोष सामने आया

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजू जनता दल (बीजद) में सब कुछ ठीक नहीं लग रहा है क्योंकि हाल में संसद में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक पर बीजद के रुख में कथित बदलाव के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अपनी आपत्तियां व्यक्त की हैं। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बीजद में मौजूदा स्थिति को 'काल बैशाखी' जैसा बताया, वहीं विधानसभा में पार्टी के उपनेता और पूर्व सांसद प्रसन्न आचार्य ने वक्फ विधेयक का विरोध न करने के पार्टी के कथित फैसले के पीछे किसी 'बाहरी ताकत' का हाथ होने का संदेह जताया।

## वर्ग पहेली नं. 3055

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| | ■ | | ■ | 7 | 8 | | ■ | 9 | |
| 10 | | | 11 | ■ | 12 | | 13 | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 14 | | | ■ | | ■ | 15 |
| 16 | 17 | 18 | | ■ | | ■ | 19 | 20 | |
| ■ | 21 | | ■ | 22 | | 23 | ■ | | ■ |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | 26 | | | 27 |
| | ■ | 28 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | | |

➲ **बायें से दायें:-** 2) एक वाद्य, 4) भगवान बुद्ध, 7) एक बाजा, 9) उत्तर, 10) इत्यादि, 12) एक त्योहार, 14) एक फल, 16) इधर से उधर तक, 19) चिराग़, 21) अपराधमुक्त, 22) एक बरसाती कीड़ा, 24) बाज़ार, 25) संख्या; नाटक का अध्याय, 26) रिसना; गिरना, 28) घमंड, 29) मोहर्रम; उपवास काल, 30) अवांछनीय; अतिरिक्त; ज़्यादा.

➲ **ऊपर से नीचे:-** 1) बिरियानी; खिचड़ी, 2) तथ्यात्मक, 3) गाना, 4) खोज, 5) सघन; गाढ़ा, 6) मंजिल; हथेली; फ़र्श, 8) अभागा, 11) एक संख्या, 13) एक पीला मसाला, 15) हाँ; ग़लत नहीं, 17) गाढ़ी बासौंधी, 18) खेल चाल; बारी, 20) बिल्ला; मैडल, 22) पत्थर का टुकड़ा, 23) टाँगना, 24) दृश्यावली, 25) चिन्हन; लेखन, 27) मल्लाह, 28) एक पालतू पशु.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ता | ■ | सा | स | ■ | मा | फि | क | ■ | छु |
| र | ■ | रं | भा | फ | ल | ■ | म | ला | ई |
| ता | ज | गी | ■ | रे | ती | ■ | ज़ो | ■ | मु |
| र | मा | ■ | अ | ब | ■ | प | र | छा | ई |
| ■ | ना | रा | ज | ■ | प्र | ति | ■ | ज | ■ |
| स | ■ | ■ | रा | व | ण | ■ | त | न | या |
| मु | ला | य | म | ■ | य | की | न | ■ | द |
| चि | ■ | श | र | द | ■ | म | हा | ■ | दा |
| त | प | स्वी | ■ | म | हं | त | ■ | गो | श्त |

➲ शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-3015

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 1 | 6 | | | | | |
| | | | | | | | 8 | 4 |
| | | | | | | 3 | | |
| | | | 1 | 3 | | 5 | | |
| 8 | | | | | | | 7 | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | | | | | 1 | | 3 |
| 2 | | | | 8 | 7 | | | |
| | | | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3014 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 6 | 5 | 8 | 9 | 7 | 2 | 1 |
| 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 |
| 6 | 9 | 4 | 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 3 | 6 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 8 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 | 2 | 7 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 7 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 |
| 4 | 8 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 | 6 | 2 |

# बंगाल में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक मना रामनवमी उत्सव



❑ **सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम, राज्यभर में निकली 2,000 से अधिक शोभायात्राएं**

❑ **भाजपा के साथ तृणमूल नेता भी शोभायात्राओं में हुए शामिल**

❑ **कुछ जगहों पर शोभायात्रा में पुलिस पर बाधा देने का आरोप**

**कोलकाता :** बंगाल में तनाव व अशांति की आशंका के बीच रविवार को कड़े सुरक्षा पहरे में रामनवमी उत्सव शांतिपूर्वक मना। रामनवमी पर राज्यभर में बड़ी संख्या में शोभायात्राएं निकाली गई, जिससे माहौल राममय हो गया। पिछले दो-तीन वर्षों से रामनवमी पर राज्य के कुछ हिस्सों में हुई हिंसा को देखते हुए इस बार राज्य प्रशासन की ओर से किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे।

कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह से ही राजधानी कोलकाता सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में शोभायात्राओं और जय श्री राम के नारों के साथ लाखों श्रद्धालु सड़कों पर उमड़ पड़े। भाजपा के साथ सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने भी शोभायात्राओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक एक साल पहले राजनवमी पर आयोजित कार्यक्रमों के राजनीतिक निहितार्थ स्पष्ट थे।

अकेले कोलकाता में 60 से ज्यादा शोभायात्राएं निकाली गई, जिसके लिए लगभग 5,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी।

विभिन्न हिंदू संगठनों व स्वयंसेवी संस्थाओं आदि की ओर से पूरे बंगाल में करीब 2,500 शोभायात्राएं निकाले जाने का दावा किया गया है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप), हिंदू जागरण मंच सहित भाजपा से संबद्ध हिंदूवादी संगठनों ने बढ़-चढ़कर शोभायात्राएं आयोजित की। श्रद्धालु भगवा झंडे, भक्ति संगीत और रामायण के दृश्यों को दर्शाती झांकियों के साथ सड़कों पर उमड़ पड़े।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार हावड़ा के शिवपुर में अंजनी पुत्र सेना की शोभायात्रा में शामिल हुए। कलकत्ता हाई कोर्ट की अनुमति से हावड़ा के संवेदनशील शिवपुर से जीटी रोड होते हुए हावड़ा मैदान तक अंजनी पुत्र सेना और विश्व हिंदू परिषद ने अलग-अलग शोभायात्रा निकाली। पिछले दो वर्षों से शिवपुर इलाके में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हिंसा को देखते हुए हावड़ा सिटी पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।

वहीं, बिष्णुपुर से भाजपा सांसद सौमित्र खां ने बांकुड़ा में रामनवमी जुलूस में अपने लाठी खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कई जगह शोभायात्रा में भक्तों को तलवार व अन्य शस्त्रों को लहराते भी देखा गया।

❑ **तृणमूल विधायक विश्व हिंदू परिषद की शोभायात्रा में हुए शामिल**

उत्तर हावड़ा से तृणमूल विधायक गौतम चौधरी सलकिया में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा आयोजित शोभायात्रा में शामिल हुए। इसी तरह तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ में रामनवमी पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल हुए।

भाजपा की ओर से कई जगहों पर पुलिस पर शोभायात्राओं को रोकने का भी आरोप लगाया गया। हालांकि पुलिस ने कहा कि सुरक्षा के लिहाज से कुछ देर के लिए ऐसा कदम उठाया गया। कोलकाता के निकट न्यूटाउन में पूर्व भाजपा सांसद लाकेट चटर्जी की उस समय पुलिस के साथ बहस हो गई जब उसने अवरोधक लगाकर शोभायात्रा को रोक दिया और दूसरे मार्ग से जाने को कहा। स्कूटी लेकर मार्च में शामिल लाकेट ने गतिरोध के बावजूद आगे बढ़ने की कोशिश की। इस दौरान भाजपा नेता अर्जुन सिंह भी मौजूद थे।

❑ **शोभायात्राओं पर ड्रोन से भी रखी गई नजर**

राज्य प्रशासन ने हिंसा की किसी भी घटना को रोकने के लिए इस बार कई कदम उठाए थे। इसमें जगह-जगह भारी पुलिस बल तैनात किए जाने के साथ सभी शोभायात्राओं की निगरानी के लिए ड्रोन और सीसीटीवी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। संवेदनशील जगहों पर त्वरित प्रतिक्रिया दल (रैफ) व सशस्त्र पुलिस बल भी तैनात किए गए थे। कोलकाता में उपायुक्त और संयुक्त आयुक्त रैंक के अधिकारियों और जिलों में एसपी और आइजी रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को शोभायात्राओं के रास्तों पर सुरक्षा की निगरानी का काम सौंपा गया था। अधिकारियों ने लालबाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय से शोभा यात्राओं के लाइव फुटेज पर बारीकी से नजर रखा। इसी तरह राज्य सचिवालय नवान्न से राज्य पुलिस के एडीजी (कानून-व्यवस्था) जावेद शमीम व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने रामनवमी पर सुरक्षा की निगरानी की।

❑ **तृणमूल ने भाजपा पर सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश का लगाया आरोप**

रामनवमी पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा में आर-ोप- प्रत्यारोप भी चला। तृणमूल के प्रवक्ता कुणाल घोष ने भाजपा पर रामनवमी को एक राजनीतिक आयोजन में बदलने और इस अवसर को सांप्रदायिक रंग देने यानी हिंदू वोटों को एकजुट करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास की राजनीति नहीं, बल्कि धर्म के नाम पर राजनीति करना चाहती है और अशांति पैदा करना चाहती है। बंगाल इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

❑ **बंगाल में सरकार बदली तो अत्याचारियों को सीधा करके उल्टा लटकाएंगे : शुभेंदु**

बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने रामनवमी पर पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में अपने निर्वाचन क्षेत्र में राम मंदिर की आधारशिला रखी। उन्होंने वहां एक शोभायात्रा का भी नेतृत्व किया। इस दौरान ममता सरकार पर बरसते हुए शुभेंदु ने तृणमूल को चेतावनी दी कि बंगाल में सरकार बदलने पर अत्याचारियों को सीधा करके उल्टा लटकाएंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि ममता ने हिंदू को दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया है।



**राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने रामनवमी के अवसर पर चित्तरंजन एवेन्यू स्थित राम मंदिर में पूजा-अर्चना की।**



**रामनवमी के अवसर पर दिखा एकता और भाईचारा, जुलूस में शामिल राम भक्तों में पानी वितरित करते मुसलिम समुदाय के लोग।**

# बंगाल के नंदीग्राम में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने राम मंदिर की आधारशिला रखी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को रामनवमी के अवसर पर पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में राम मंदिर की आधारशिला रखी। अधिकारी नंदीग्राम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के विधायक हैं। यह वह स्थान है जहां 2007 में वाम मोर्चा शासन के दौरान तृणमूल कांग्रेस ने भूमि अधिग्रहण के खिलाफ लंबे समय तक आंदोलन किया था। राम मंदिर की आधारशिला सोनाचुरा गांव में रखी गई, जहां छह जनवरी 2007 को स्थानीय प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे कम से कम सात लोगों की उपद्रवियों की ओर से की गई गोलीबारी में मौत हो गई थी। भगवा कपड़ा पहने अधिकारी ने समर्थकों और श्रद्धालुओं की ओर से लगाए जा रहे 'जय श्री राम' के नारों के बीच मंदिर की नींव रखी। उन्होंने कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हम शांतिप्रिय लोग हैं; हम कभी भी ऐसा कुछ नहीं करेंगे जो कानून तोड़ने के बराबर हो।'



अधिकारी ने कहा कि भक्तगण भगवान राम की पूजा और भक्ति गीतों में मगन थे। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से रामनवमी मनाने का यह पारंपरिक तरीका रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने रामनवमी को लेकर राज्य में राजनीतिक रूप से उग्र माहौल का जिक्र करते हुए कहा, 'इस उत्सव को लेकर इतना शोर मचाने की कोई जरूरत नहीं थी।' अधिकारी ने कहा कि भगवान राम हिंदुओं के लिए विश्वास और आस्था के प्रतीक हैं और सोनाचुरा में जल्द ही मंदिर बनेगा। इससे पहले, वरिष्ठ भाजपा नेता रामनवमी रैली का नेतृत्व करते हुए सोनाचुरा स्थित शहीद मीनार से प्रस्तावित मंदिर स्थल पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस महीने के अंत में पूर्व मेदिनीपुर जिले के समुद्र तटीय शहर दीघा में जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन करेंगी।

## राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने लोगों को दीं रामनवमी की बधाई



**कोलकाता :** देश भर में श्रीराम नवमी की धूम के बीच आज पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रामनवमी के अवसर पर लोगों को बधाई दीं और पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।राज्यपाल बोस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, 'श्री रामनवमी के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। श्रीराम हमें सही मार्ग दिखाएं और हमारा मार्गदर्शन करें।' मुख्यमंत्री बनर्जी ने 'एक्स' पर लिखा, 'रामनवमी के पावन अवसर पर सभी को शुभकामनाएं। मैं सभी से अपील करती हूं कि वे शांति, समृद्धि और सबके विकास के मूल्यों को बनाए रखें।' अधिकारियों ने बताया कि रामनवमी पर कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस ने सभी एहतियाती कदम उठाए हैं।

# जादवपुर विश्वविद्यालय के कैंपस में पहली बार मनाया गया रामनवमी का उत्सव






❑ **विश्वविद्यालय में राम के चित्रों से ढाके गए आजाद कश्मीर के पोस्टर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय के कैंपस में पहली बार रामनवमी का उत्सव मनाया गया। इस आयोजन के साथ ही, गेरुआ ध्वज ने 'लाल गढ़' में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई। आयोजकों का कहना है कि कई बाधाओं के बावजूद इस आयोजन को सफलता-पूर्वक संपन्न किया गया। रविवार सुबह से ही विश्वविद्यालय परिसर में एक समूह विद्यार्थियों का जमावड़ा हुआ। इन विद्यार्थियों ने 'हरे' रंग की राम मूर्ति को कैंपस के अंदर स्थापित किया और विश्वविद्यालय के तकनीकी भवन के समक्ष लगाए गए आजाद कश्मीर के पोस्टरों को राष्ट्रीय ध्वज और भगवान राम के चित्रों से ढक दिया गया। माकपा की छात्र शाखा स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया (एसएफआइ) के कुछ सदस्यों की ओर से ये पोस्टर लगाए गए थे।

रामनवमी आयोजन में शामिल होने वाले छात्र सौरण बसु ने कहा, हम इस विश्वविद्यालय के छात्र हैं। यह तो देश का हिस्सा है, विदेश नहीं। तो यहां पूजा क्यों नहीं हो सकती? हिंदुओं के किसी भी कार्यक्रम को रोकना गलत है। वहीं, एक अन्य छात्र सोमसूर्य बंद्योपाध्याय ने कहा, कई बाधाएं आईं, लेकिन हम सफल रहे। देश के किसी शिक्षा संस्थान में इफ्तार होता है तो हमें समान अधिकार और अवसर मिलना चाहिए।

इससे पहले, विश्वविद्यालय में रामनवमी मनाने की अनुमति के लिए 28 मार्च को कुछ छात्रों ने प्रशासन को पत्र लिखा था। 'साधारण छात्रों' के नाम से मिले पत्र के बाद, पिछले गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक हुई, लेकिन उस पत्र पर किसी भी अधिकारी का हस्ताक्षर नहीं था। इसके बाद, शुक्रवार को हस्ताक्षरित निषेध पत्र छात्रों को प्राप्त हुआ, जिसमें बताया गया था कि इस समय विश्वविद्यालय में उपकुलपति नहीं हैं, इसलिए इस विषय पर कोई निर्णय लेना संभव नहीं है। इसके बावजूद, अनुमति न मिलने के बावजूद छात्रों के एक समूह ने रामनवमी का आयोजन सफलतापूर्वक किया।

# बंगाल में वोट नहीं करने वाले नौ प्रतिशत हिंदू हमारे साथ खड़े हो जाएं तो रामराज्य स्थापित हो जाएगा : मिथुन

❑ **रामनवमी शोभायात्रा में शामिल होने के मौके पर भाजपा नेता ने दिया बड़ा बयान**

❑ **कहा- बंगाल में नौ प्रतिशत हिंदू अपना वोट ही नहीं डालते हैं, वोट करने की अपील की**

**कोलकाता :** भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य व दिग्गज



अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने रविवार को रामनवमी के अवसर पर कहा कि अगर बंगाल में वोट नहीं करने वाले नौ प्रतिशत हिंदू मतदाता अगर हमारे साथ खड़े हो जाएं तो यहां रामराज्य स्थापित हो जाएगा। रामनवमी के अवसर पर मिथुन कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में एक शोभायात्रा में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार भी उनके साथ थे। शोभायात्रा के दौरान ही पत्रकारों से बातचीत में मिथुन ने यह टिप्पणी की।

मालूम हो कि मिथुन चक्रवर्ती ने कुछ दिन पहले उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में भी हिंदु मतदाताओं को लेकर यह बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि राज्य के लोगों के लिए मेरा एकमात्र संदेश ये है कि बंगाल में अभी भी नौ प्रतिशत हिंदू अपना वोट नहीं डालते हैं, इसलिए मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे घर से बाहर आएं और वोट करें। उन्होंने कहा था कि अगर हम (भाजपा) बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में नहीं जीते तो बांग्लादेश की तरह हिंदू बंगाली यहां मुश्किल में पड़ जाएंगे। मिथुन ने स्पष्ट कहा था कि हमें यहां जीतना होगा और इसका केवल एक कारण है। बांग्लादेश ने जो ट्रेलर दिखाया है, उससे बंगाल के हिंदुओं को सबक लेना चाहिए। अगर हम नहीं जीते तो बंगाल में हिंदू बंगाली नहीं बचेंगे, क्योंकि वे (विपक्ष) तैयार बैठे हैं और कह रहे हैं कि अगर वे फिर से सत्ता में आए तो हमें खत्म कर देंगे।

**Name Change**

I, Abhishek Gupta, son of Gopal Prasad Gupta, residing at 18/6/1, Devendra Ganguly Road, Shibpur, Howrah-711103, do hereby solemnly affirm and declare that my father's actual name is Gopal Prasad Gupta and Gopal Prasad Gupta and Gopal Gupta is the same and one identical person via affidavit in the Court of Ld Executive Magistrate 1st Class at Howrah dated 2nd April 2025.

# पुलिस पर न्यूटाउन में रामनवमी शोभायात्रा को रोकने का आरोप

## पूर्व भाजपा सांसद लाकेट चटर्जी का आरोप, पुलिस के बाधा के कारण शोभायात्रा का मार्ग बदलना पड़ा






**कोलकाता :** बंगाल में भाजपा की वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद लाकेट चटर्जी ने रविवार को दावा किया कि कोलकाता के बाहरी इलाके न्यूटाउन से उनके नेतृत्व में निकाली गई रामनवमी शोभायात्रा को पुलिस ने रोक दिया, जिसके कारण इसका मार्ग बदलना पड़ा।

केस्टोपुर के निकट शोभायात्रा को रोके जाने के बाद चटर्जी पुलिसकर्मियों के साथ बहस करती भी दिखीं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शोभायात्रा के साल्टलेक में प्रवेश करने की कोशिश करने के बाद, हवाईअड्डे को जोडऩे वाले वीआइपी मार्ग से सटे केष्टोपुर चौराहे पर अवरोधक लगा दिए गए थे। चटर्जी ने कहा, यह कोई राजनीतिक रैली नहीं है। यह एक आध्यात्मिक समागम है जिसमें लोगों ने स्वेच्छा से भाग लिया है। पुलिस इस शोभायात्रा को कैसे रोक सकती है। पूर्व सांसद बाद में अवरोधक के पास से गुजरीं और शोभायात्रा में भाग लेने वालों से आगे किसी भी विवाद से बचने के लिए वैकल्पिक मार्ग अपनाने का आग्रह किया। न्यूटाउन में स्थित राम मंदिर से शोभायात्रा की शुरुआत हुई जहां इस दौरान चटर्जी को दोपहिया वाहन पर सवार होकर शोभायात्रा में भाग लेते हुए देखा गया और शुरुआती चरण में पार्टी नेता अर्जुन सिंह भी उनके साथ शामिल हुए।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# वेतन पोर्टल पर नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों के नाम डाल रहे हैं कई स्कूल

## नौकरी गंवाने वालों के इस माह के वेतन पर कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दे पाया है शिक्षा विभाग

**कोलकाता :** क्या सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों को इस महीने का वेतन मिलेगा? शिक्षा विभाग अभी तक इस प्रश्न से जुड़ी अनिश्चितता का कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दे पाया है। हालांकि, विभाग के कुछ कर्मचारियों ने मौखिक रूप से कहा है कि जिन शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों की नौकरी चली गई है, उन्हें चालू महीने का वेतन मिल सकता है। हालांकि, शिक्षा विभाग की ओर से इस संबंध में कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है। इस बीच, कई




स्कूलों ने घोषणा की है कि उन्होंने स्कूल के वेतन पोर्टल पर उन सभी लोगों के नाम डाल दिए हैं, जिन्होंने अपनी नौकरी खो दी है। तथा उनके वेतन से संबंधित मांगें भी भेजी जाएंगी।

कुछ प्रधानाध्यापकों का कहना है कि उन्हें हर महीने की 10 तारीख तक शिक्षकों के नाम की सूची स्कूल के वेतन पोर्टल पर भेजनी होती है। तदनुसार, वेतन का भुगतान अगले महीने किया जाता है। लेकिन कई लोगों के मन में सवाल है कि क्या सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बेरोजगार शिक्षकों के नाम वेतन पोर्टल पर सूचीबद्ध हो जाएंगे?

**❑ कई शिक्षकों ने स्कूल आना बंद किया :**

कई स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का कहना है कि जिन शिक्षकों की नौकरी चली गई है, उनमें से कुछ ने स्कूल आना बंद कर दिया है। हालांकि उनमें से कई अभी भी नियमित रूप से स्कूल आ रहे हैं। वह कक्षाएं भी ले रहे हैं। जिले के विभिन्न स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का कहना है कि जिन शिक्षकों की नौकरी समाप्त कर दी गई है, वे स्कूल में पढ़ाने तथा अन्य कार्य करने के लिए आ गए हैं। कई प्रधानाध्यापकों ने कहा कि अभी तक उन्हें शिक्षा विभाग या माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से कोई सूचना नहीं मिली है कि नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों का वेतन रोका जाएगा। इसलिए अपने निर्णय से वेतन पोर्टल से उनके नाम नहीं हटाए जा सकते हैं।

**❑ मामले पर कानूनी सलाह लेंगे प्रधानाध्यापक :**

कुछ प्रधानाध्यापकों ने यह भी कहा कि वे इस मामले पर कानूनी सलाह लेंगे। प्रधानाध्यापकों और प्रधानाध्यापिकाओं के संगठन एडवांस्ड सोसाइटी फार हेडमास्टर्स एंड हेडमिस्ट्रेसेस के राज्य सचिव चंदन मैती ने कहा कि हम बहुत भ्रमित हैं। यदि हम वेतन पोर्टल पर अपना नाम दर्ज कराते हैं और वेतन मांग भेजते हैं, तो क्या यह सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की फिर से अवहेलना नहीं होगी? शिक्षा विभाग दिशानिर्देश जारी करके इस समस्या का आसानी से समाधान कर सकता है। लेकिन वह अनिर्णायक है और मुद्दे को और भी उलझा रहा है। हमने इस मामले पर शीघ्र निर्णय लेने के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को पत्र लिखा है। लेकिन मुझे अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। हम नौ अप्रैल तक देखेंगे। इसके बाद हम कानूनी सलाह लेंगे और जो भी कर सकेंगे, करेंगे। बंगाल शिक्षक एवं शिक्षाकर्मी संघ ने शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर इस संबंध में तत्काल अधिसूचना जारी करने की मांग की है।

**❑ मुख्यमंत्री के संदेश पर प्रधानाध्यापकों की नजर :**

कई प्रधानाध्यापक यह भी कह रहे हैं कि वे इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कल यानी सोमवार को नेताजी इंडोर स्टेडियम में क्या संदेश देंगी। उनका मानना है कि मुख्यमंत्री नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों के वेतन को लेकर कुछ निर्देश जरूर जारी करेंगी। हालांकि शिक्षकों का सवाल यह है कि क्या मुख्यमंत्री की बातों का पालन करना कानूनी तौर पर सही है?

### नौकरी गांवाने वाले 26 हजार शिक्षकों के लिए ममता बनर्जी का वैकल्पिक संदेश, तृणमूल को विरोधियों की साजिश का डर



**कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट के आदेश से अचानक नौकरी गंवाने वाले करीब 26 हजार शिक्षकों का भविष्य अधर में लटक गया है। इसी संकट की घड़ी में उनके लिए वैकल्पिक रास्ता तलाशने की पहल कर रही हैं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी। आज, 7 अप्रैल को नेताजी इंडोर स्टेडियम में होने वाली विशाल सभा में मुख्यमंत्री स्वयं शामिल होकर उन शिक्षकों से संवाद करेंगी। इस सभा को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की ओर से षड्यंत्र की आशंका जाहिर की गई है। रविवार को पत्रकार सम्मेलन में तृणमूल के राज्य महासचिव कुणाल घोष ने चेतावनी देते हुए कहा कि जैसे ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में अशांति फैलाने की साजिश रची गई थी, ठीक वैसे ही इस महत्वपूर्ण सभा को भी असफल करने के लिए विरोधी दल सक्रिय हैं। कुणाल घोष ने कहा, मुख्यमंत्री इस कठिन समय में इन शिक्षकों के लिए वैकल्पिक समाधान ढूंढने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन कुछ विपक्षी शक्तियां नहीं चाहतीं कि यह संदेश जनता तक पहुंचे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्ष की ओर से कुछ लोगों को बहला-फुसलाकर सभा में भेजा जा रहा है, जिनका मकसद है सभा में गड़बड़ी फैलाना और मुख्यमंत्री के संदेश को बाधित करना। सीपीएम और बीजेपी का मकसद समाधान नहीं, सिर्फ राजनीति करना है, ऐसा भी कहा कुणाल घोष ने।

## शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार : सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिका पर विचार कर रही राज्य सरकार

### शुभेंदु ने बेरोजगार शिक्षकों को कानूनी सहायता देने का वादा किया

**कोलकाता :** राज्य सरकार ने शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में लगभग 26,000 शिक्षकों की नौकरी रद्द करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर करने पर विचार करना शुरू कर दिया है। दूसरी ओर नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले की समीक्षा के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने की तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार इन शिक्षकों की याचिका का समर्थन कर सकती है।

वहीं दूसरी ओर भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के कारण नौकरी गंवाने वाले कुछ शिक्षकों



से मुलाकात की और उन्हें कानूनी सहायता देने का वादा किया। भगवान राम की एक छवि का अनावरण करने के लिए नदिया जिले के राणाघाट के दौरे पर आए नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि 2016 की भर्ती परीक्षा के इन बेदाग योग्य उम्मीदवारों के सामने आई स्थिति के लिए बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं। शीर्ष अदालत द्वारा 2016 की भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पाए जाने और पूरे पैनल को रद्द करने के बाद राज्य द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों के 25,000 से अधिक शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। नंदीग्राम के भाजपा विधायक ने कहा कि आज मैं 20-25 शिक्षकों से मिला जिनमें कई महिलाएं भी शामिल थीं। वे दुखी हैं। मैंने उनसे कहा कि कानून आपके पक्ष में है। सत्य आपके पक्ष में है। मैंने कहा कि हम आपको कानूनी सहायता देंगे।

## ठाकुरपुकुर बाजार में तेज रफ्तार कार ने रौंदे कई राहगीर, 9 घायल, दो गिरफ्तार

**कोलकाता :** ठाकुरपुकुर में रविवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे से हड़कंप मच गया। घटना सुबह करीब 9:30 बजे की है जब एक निजी कार ने नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार में ठाकुरपुकुर बाजार में घुसकर एक के बाद एक कई पैदल चलने वालों को कुचल दिया। हादसे में कम से कम नौ लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ को गंभीर चोटें आई हैं।

घायलों में अमिनुल रहमान (60 वर्ष), जयदेव मजूमदार (68 वर्ष), तपन विश्वास (58 वर्ष), पार्थ मजूमदार (48 वर्ष), अहमद मोंडल (67 वर्ष), देबाशीष हलदर (32 वर्ष), दीपक दास (49 वर्ष), कदम दास (60 वर्ष) और स्वप्नलाल (49 वर्ष) शामिल हैं। इनमें अमिनुल



रहमान को सिर में गंभीर चोटें आई हैं और वे बेहोशी की हालत में हैं। उन्हें और जॉयदेब मजूमदार को सी.एम.आर.आई. अस्पताल में भर्ती किया गया है जबकि बाकी को कस्तूरी नर्सिंग होम में ले जाया गया। देबाशीष हलदर को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, निजी कार किसी कारणवश बेकाबू हो गई और सड़क पर चल रहे लोगों को रौंदती चली गई। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को काबू में लिया और कार चालक समेत दो लोगों को हिरासत में लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार बेहद तेज गति में थी और बाजार की भीड़ में घुसते ही लोगों को टक्कर मारने लगी।

स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर गुस्सा फूट पड़ा है। लोगों ने इलाके की पार्षद छंदा सरकार पर आरोप लगाया कि बार-बार हादसे के बावजूद वे कोई ठोस कदम नहीं उठा रही हैं। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के कारण रास्ते संकरे हो गए हैं और ऊपर से बाजार की भीड़-भाड़, जिससे ऐसे हादसे रोजमर्रा की बात बनते जा रहे हैं।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह स्पष्ट करने की कोशिश कर रही है कि यह हादसा नशे की हालत में गाड़ी चलाने के कारण हुआ या इसके पीछे कोई और वजह है।

### हावड़ा के लुब्रिकेंट तेल की फैक्ट्री में भीषण आग, मौके पर पहुंचे 18 दमकल की गाड़ियां



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जलान कंपलेक्स स्थित एक लुब्रिकेंट तेल की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पल भर में पूरी फैक्ट्री धधक उठी और भारी धुआं उठने लगा। यह घटना शनिवार की रात को हुई। उस समय फैक्ट्री में कई श्रमिक कार्यरत थे, लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। फैक्ट्री में भारी मात्रा में रासायनिक पदार्थ होने के कारण आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। खबर मिलते ही दमकल की 18 गाड़ियां पहुंची। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीबन 6 घंटों में आग पर काबू पा लिया। हालांकि, आग लगने के कारण के बारे में अभी तक स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फॉरेंसिक परीक्षण के बाद आग लगने का असली कारण सामने आएगा।

## हावड़ा में खटीक समाज की भव्य रामनवमी शोभायात्रा, अस्त्र पूजा और सामाजिक एकता का प्रतीक

**❑ तृणमूल विधायक गौतम चौधरी और अन्य प्रमुख हस्तियों ने लिया शोभायात्रा में हिस्सा**

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में खटीक समाज ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने तलवारों के साथ जय श्री राम का नारा लगाया। यह शोभायात्रा हावड़ा के विभिन्न इलाकों से गुजरते हुए प्रमुख स्थानों तक पहुंची। खास बात यह रही कि इस शोभायात्रा में तृणमूल कांग्रेस के उत्तर हावड़ा विधायक गौतम चौधरी भी शामिल हुए और समाज के अन्य प्रमुख लोग भी यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा



के दौरान खटीक समाज के सदस्य शस्त्र पूजा करते हुए अपने धार्मिक उत्साह का प्रदर्शन कर रहे थे। इस आयोजन में आसपास के कुछ विशेष समुदाय के लोगों ने भक्तों का स्वागत किया। उन्होंने माला पहनाकर और शीतल जल पिलाकर भक्तों को सम्मानित किया, जो शोभायात्रा में शामिल थे।

हावड़ा खटीक समाज के अध्यक्ष विवेक सोनकर ने कहा कि यह उनकी समाज की पुरानी परंपरा का हिस्सा है और उन्होंने इस परंपरा के निर्वाह की आवश्यकता को बताते हुए कहा कि जहां प्रशासन ने रोक लगाई है, वहां उनके समाज के आयोजन को बाधित किया गया है, लेकिन यह परंपरा हमेशा से चलती आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हावड़ा एक ऐसा शहर है, जहां विभिन्न धर्मों के लोग मिलकर रहते हैं और एक-दूसरे के धर्म का सम्मान करते हैं।

अस्त्र के साथ निकली शोभायात्रा में शामिल होने के सवाल पर उत्तर हावड़ा के विधायक तृणमूल कांग्रेस गौतम चौधरी ने कहा कि भगवान किसी एक पार्टी का नहीं होता है, बल्कि वह सभी का होता है। उन्होंने यह भी कहा कि वे हमेशा विभिन्न धर्मों के आयोजनों में भाग लेते हैं, चाहे वह दुर्गा पूजा हो, मोहर्रम, ईद, या बकरीद। विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि यह शोभायात्रा खटीक समाज की एक पारंपरिक यात्रा थी, जिसे प्रशासन से अनुमति प्राप्त थी। यात्रा का आयोजन हावड़ा खटिक समाज के अध्यक्ष विवेक सोनकर द्वारा किया गया। उत्तर हावड़ा के विधायक गोतम चौधरी, संजय सिंह,अच्युतानन्दन राय ,भोला प्रसाद सोनकर,छवि लाल सोनकर, राजेश सोनकर, कार्तिक प्रसाद सोनकर, बबलू सोनकर, विनय सोनकर सहित यात्रा मे काफी सामाजिक हस्तिया मौजूद रही।

### मगरहाट में गैर-रेलवे कारणों से ट्रेन संचालन में हुई बाधा

**कोलकाता, समाज्ञा :** बारुईपुर-डायमंड हार्बर सेक्शन में रविवार को ट्रेन सेवा कुछ समय के लिए प्रभावित हुई। जब मगरहाट स्टेशन पर कुछ लोगों ने 11:48 बजे से 12:35 बजे तक ट्रेन संचालन में रुकावट डाली। इस रुकावट के हटने के बाद, 12:35 बजे से सामान्य ट्रेन सेवा फिर से बहाल हो गई। इस रुकावट के कारण तीन ईएमयू लोकल ट्रेनें देरी से चलीं। पूर्व रेलवे ने इस प्रकार की गैर-रेलवे कारणों से ट्रेन संचालन में रुकावट पर चिंता जताई है। इस प्रकार की रुकावट न केवल सामान्य ट्रेन संचालन को प्रभावित करती है, बल्कि सैकड़ों यात्री भी इससे परेशान होते हैं।

### राम नवमी के उपलक्ष में राम मंदिर के पास जल एवं शरबत सेवा



**कोलकाता, समाज्ञा :** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा राम मंदिर के निकट 06 अप्रैल 2025 को राम भक्तों और यात्रियों की सेवा हेतु जल और शरबत सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, नित्व मे प्रधान सचिव बिमल दीवान और संयुक्त सचिव पवन बंसल एवं सुबाष साव-लदावाला की देखरेख मे एवं मार्ग दर्शक राज कुमार बोथरा की सलाह पर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चला। इस बार राम नवमी के दिन लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। भारी संख्या में पुरुष महिलाएं और बच्चे राम का जयकारा करते हुए देखे गए। इस दौरान लोकप्रिय कौनसीलर महेश शर्माजी, राजेश सिन्हाजी, मो जयमुदीनजी एवं मनोज चौधरी, महेश काबरा, सुशील जोशी, सुमित झुनझुनवाला उपस्थित रहे।

## एओटी कार्यक्रम में बीआईटीएस पिलानी के कुलपति प्रोफेसर वी. रामगोपाल राव ने साझा किए विचार

**कोलकाता, समाज्ञा :** अकादमी ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा 5 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीआईटीएस पिलानी के कुलपति और आईआईटी दिल्ली के पूर्व निदेशक प्रोफेसर वी. रामगोपाल राव ने भारत के वैज्ञानिक संभावनाओं का उद्घाटन: बाधाओं को पार कर रचनात्मकता का जागरण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। यह कार्यक्रम एओटी और बीआईटीएस पिलानी के बीच एक अहम साझेदारी का प्रतीक बनकर उभरा, जिसे दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों के मौ हस्ताक्षर से औपचारिक रूप से संपन्न किया गया। प्रोफेसर राव, जो नैनोइलेक्ट्रॉनिक्स के प्रमुख शोधकर्ता हैं, अपने कार्यों के लिए प्रसिद्ध हैं और उनके नाम पर 500 से अधिक



शोधपत्र और 50 से ज्यादा पेटेंट्स हैं। अपने संबोधन में उन्होंने भारत के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों का उल्लेख किया, जिनमें ऊर्जा सुरक्षा, जल की उपलब्धता और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी समस्याएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का समाधान केवल तकनीकी अनुसंधान और नवाचारों के माध्यम से ही संभव हो सकता है।

शिक्षार्थियों के साथ संवाद करते हुए प्रोफेसर राव ने कहा कि आज के भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे ऊर्जा और सुरक्षा हैं। उन्होंने देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और ऊर्जा उत्पादन एवं उपयोग के लिए देशी और स्थायी समाधान तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। जलवायु परिवर्तन और तेजी से हो रहे शहरीकरण के बीच पीने के पानी की समस्या पर भी उन्होंने चर्चा की और इसके समाधान के लिए नई तकनीकी खोजों की आवश्यकता जताई। इसके अलावा, उन्होंने गरीबी और स्वास्थ्य सेवा संकट के समाधान के लिए दीर्घकालिक शोध की महत्ता पर जोर दिया।

एओटी के निदेशक और आईआईटी खड़गपुर के पूर्व प्रोफेसर दिलीप भट्टाचार्य ने कहा, प्रोफेसर रामगोपाल राव के अग्रणी शोध और नेतृत्व ने भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्रांति को समृद्ध किया है। हम दोनों संस्थाओं के बीच इस सहयोग के प्रति बहुत उत्साहित हैं। वहीं, एओटी की चेयरमैन ट्रस्टी प्रोफेसर अनिंदिता बंद्योपाध्याय ने कहा, हम बीआईटीएस पिलानी के साथ अपने मौ हस्ताक्षर से जुड़ने पर गर्व महसूस करते हैं।

### मालदा में मुसलमानों ने रामनवमी पर श्रद्धालुओं का स्वागत मिठाई से किया, फूल बरसाए

**मालदा :** पश्चिम बंगाल के मालदा में मुसलमानों ने रामनवमी पर श्रद्धालुओं का स्वागत मिठाई से किया और उन पर फूल बरसाए। शहर की सड़कों पर रविवार को 'जय श्री राम' के नारों की गूंज के साथ एकजुटता की भी भावना दिखी। रामनवमी पर श्रद्धालुओं ने शहर में मार्च किया, जबकि मुस्लिम समुदाय के सदस्य अपने हिंदू पड़ोसियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे और श्रद्धालुओं के बीच मिठाइयां और पानी की बोतलें बांट रहे थे। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) द्वारा आयोजित वार्षिक रामनवमी शोभायात्रा में भगवा वस्त्र धारण किये हजारों लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने झंडे लहराये और भगवान राम के जन्म का जश्न मनाया। हालांकि इस वर्ष के समारोह को असाधारण बनाने वाली बात सिर्फ लोगों की उपस्थिति ही नहीं थी, बल्कि वह सद्भावना थी जो धार्मिक सीमाओं के पार सहजता से प्रवाहित हुई। शोभायात्रा जब इंग्लिश बाजार इलाके से गुजरी, मुस्लिम निवासियों ने शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर छतों और बालकनी से फूलों की पंखुड़ियां बरसाईं। साथ ही शोभायात्रा के मार्ग में भारत के नक्शे के आकार की एक विशाल माला लगायी गई थी - जो राष्ट्रीय एकता और गौरव का प्रतीक है। समारोह में शामिल एक स्थानीय दुकानदार मोहम्मद अली ने कहा, 'भारत इसी का प्रतीक है - विविधता में एकता और सांप्रदायिक सद्भाव।' उन्होंने कहा, 'हम हमेशा शांति से साथ-साथ रहते आए हैं और आज हम एक परिवार के रूप में जश्न मना रहे हैं।' सड़क पर मुस्लिम पुरुषों के एक समूह ने जलपान की स्टॉल लगायी थी और श्रद्धालुओं को पानी और मिठाइयां बांट रहे थे। रामनवमी कार्यक्रम में भाग लेने वालों में से एक श्याम सुंदर ने कहा, 'हर्ष के ऐसे अवसर का हिस्सा बनना अद्भुत लगता है। धर्म हमें विभाजित नहीं कर रहा है, यह हमें एकसाथ ला रहा है। हम सभी एक हैं - हिंदू और मुसलमान - हम इस देश के प्रति प्रेम में एकजुट हैं।' पिछले कुछ वर्षों में पूरे पश्चिम बंगाल में रामनवमी समारोह के दौरान कभी-कभी तनाव देखने को मिला है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां सांप्रदायिक तनाव का इतिहास रहा है।

## मालदह डिवीजन में रचनात्मक दीवार पेंटिंग अभियान से पर्यावरण जागरूकता को मिला बढ़ावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मालदह डिवीजन ने रविवार को मालदह के ईको पार्क में एक रचनात्मक दीवार पेंटिंग अभियान का आयोजन किया। यह एक दिवसीय अभियान प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण की हरियाली में सुधार और नागरिकों में पारिस्थितिकी मित्रवत मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस आयोजन की अगुवाई मालदह के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता और पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन, मालदह की मनीषा गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। अतिरिक्त डिवीजनल रेलवे मैनेजर श्योर कुमार गुप्ता अन्य वरिष्ठ शाखा अधिकारियों, उनके परिवारों और बच्चों ने भी इस उत्साही और सार्थक पहल में भाग लिया। इस अवसर पर मालदह के डीआरएम मनीष कुमार



गुप्ता ने कहा, मालदह डिवीजन हमेशा स्वच्छता और स्थिरता को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध रहा है। इन रचनात्मक कलाकृतियों में कचरा पृथक्करण, गंदगी फैलाने के हानिकारक प्रभावों और पर्यावरण सुरक्षा के महत्व के बारे में मजबूत संदेश हैं।

### रामनवमी जुलूस कमिटी द्वारा भव्य शोभायात्रा



**कोलकाता :** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र जी के जन्मोलक्ष्य पर विगत 111 वर्ष पुराने शोभायात्रा में से एक इस वर्ष भी पंजाब सेवा समिति के सदस्यों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें रामचंद्र जी सहित भगवान की दर्शनीय झांकियों को दर्शाया गया। शोभायात्रा पंजाब सेवा समिति 1 हनुमान जी लेन से प्रारंभ होकर बड़ाबाजार अंचल के विभिन्न अंचलों से शोभायात्रा गुज़री। शोभायात्रा में संस्था के संरक्षक अशोक सिंह, पार्षद महेश शर्मा, अध्यक्ष योगेश खन्ना, संयोजक विशाल खन्ना, उपाध्यक्ष विकाश खन्ना, अशोक खन्ना, योगेश, समाजसेवी भोला यादव, जुलूस कैप्टन गौरव रेखी, दीपक कपूर, दीपक मेहरा, श्रवण खन्ना, संदीप खन्ना, राजेश खन्ना, सरवन खन्ना, मनोज सिंह, पीताम्बर कामत, ददन सिंह, संजय मिश्रा, रविंदर सिंह, सुनील दीक्षित, प्रीतम सिंह, सौरव जुनेजा, जतिन खन्ना, विजय शर्मा, पप्पू शर्मा, मुकेश भगत, सौरव मेहरा, दीपक शर्मा, राकेश सोनकर, गोरेलाल शर्मा, सूरज सिंह उपस्थित थे। शोभायात्रा को सफल बनाने में हरीश रेखी, कुंदन खत्री, राजीव रेखी, ऋषि खन्ना, नितिन मेहरा, रोहित खत्री, सुरेश रेखी, सुनील जोशी सक्रिय थे।

## बी.आर. सिंह अस्पताल में जटिल हृदय रोग से पीड़ित मरीज की बचाई गई जान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के बी.आर. सिंह अस्पताल में एक जटिल हृदय रोग का सफलतापूर्वक इलाज किया गया। यह मामला 52 वर्षीय महिला मरीज का था, जो वाल्वुलर हृदय रोग और एओर्टिक वाल्व प्रतिस्थापन से ग्रस्त थी और लगातार बुखार की समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती हुई थी। यह इलाज वरिष्ठ विभागीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय गौतम के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मरीज ने पहले निजी चिकित्सकों से उपचार कराया था, लेकिन उसके लक्षणों में कोई खास सुधार नहीं हुआ था। बी.आर. सिंह अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में भर्ती होने के बाद, मरीज का व्यापक मूल्यांकन किया गया। इकोकार्डियोग्राफी परीक्षण से माइट्रल



वाल्व पर सूजन का पता चला, जो इन्फेक्टिव एंडोकार्डाइटिस का संकेत था। मरीज को तत्काल इंट्रावेनस एंटीबायोटिक्स दिए गए और तीन सप्ताह तक उपचार जारी रखा गया। अस्पताल में लगभग एक महीने रहने के बाद पूरी तरह से ठीक होकर मरीज को रविवार को छुट्टी दे दी गई। यह मामला बी.आर. सिंह अस्पताल में उपलब्ध उच्चतम स्तर की चिकित्सीय विशेषज्ञता और समर्पित रोगी देखभाल को प्रदर्शित करता है।

# हावड़ा में रामनवमी रैली के लिए दिखी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, शहर में रही हलचल

**❑ शिवपुर में दो रैलियों पर पुलिस की विशेष नजर**

**हावड़ा, समाज्ञा :** रामनवमी के अवसर पर हावड़ा शहर में सुरक्षा इंतजामों को लेकर भारी हलचल मच गई है। रैलियों के आयोजन को लेकर शहर को पूरी तरह से सुरक्षा घेरे में रखा गया है। इस बार पुलिस और प्रशासन ने विशेष ध्यान शिबपुर इलाके की दो प्रमुख रैलियों पर केंद्रित किया। पहली रैली शिवपुर काजीपाड़ा से हावड़ा मैदान तक सुबह निकाली गई, जिसे अंजनी पुत्र सेना द्वारा आयोजित गया। वहीं, दूसरी रैली दोपहर तीन बजे आईएएसटी शिवपुर गेट से शुरू होकर बतईतला, काजीपाड़ा, जीटी रोड, मलिक फाटक और रामकृष्णपुर घाट तक गई।



साल 2022 और 2023 में जीटी रोड पर हुई हिंसक घटनाओं को देखते हुए, इस बार रैली पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। पुलिस के अनुसार, छह सीनियर आईपीएस अधिकारियों को बाहरी इलाकों से तैनात किया गया है। शिवपुर और पिलखाना क्षेत्रों में लगभग तीन हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई, जिनमें रैफ, सादी वर्दी में गुप्तचर पुलिस और एंटी क्राइम ब्रांच के कर्मी भी शामिल हैं। जीटी रोड को सीसीटीवी कैमरों से कवर किया गया और ड्रोन से ऊंची इमारतों पर निगरानी रखी गई, ताकि कोई भी व्यक्ति छतों पर पत्थर या ईंट जमा न कर सके। साथ ही, जीटी रोड पर यातायात को नियंत्रित गया और हर गली के मुहाने पर गार्ड रेल लगाकर उन्हें बंद किया गया। रविवार सुबह जीटी रोड की स्थिति सामान्य दिनों से बिलकुल अलग नजर आई। अधिकांश दुकानें बंद थीं और सड़क पर कम लोग दिखाई दे रहे थे। फुटपाथ पर



व्यापारियों को दुकानें न खोलने का निर्देश दिया गया था और सड़क पर यातायात नियंत्रित करने के लिए गार्ड रेल लगाए गए थे।

# हावड़ा रामनवमी शोभायात्रा में शामिल हुए भाजपा नेता सजल घोष, दीदी पर साधा निशाना

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में रामनवमी के मौके पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो श्यामश्री मोर से लेकर राम मंदिर तक गई। इस शोभायात्रा का नेतृत्व शिव शंकर साधु खान ने किया, जिसमें भाजपा नेता सजल घोष भी शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान जब सजल घोष से कल रामनवमी शोभायात्रा में अस्त्र लेकर चलने के मामले में सवाल किया गया, तो उन्होंने विरोधियों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि अगर हथियार लेना गलत है, तो क्या यह केवल रामनवमी के दिन ही देखा जाता है? उन्होंने कहा कि उनका यह मानना है कि जवाब देना जरूरी नहीं है, और उन्होंने विरोधियों के आरोपों को नकारते हुए यह भी कहा कि अगर इस तरह के हथियारों को देखना गुनाह है, तो ये बातें केवल एक दिन पर क्यों फोकस की जाती हैं? कल्याण घोष के बयान पर भी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता ने कहा कि उनके बयान का कोई महत्व नहीं है, और उन पर कोई जवाब देने की जरूरत नहीं है। हावड़ा में शोभायात्रा के दौरान एक और सवाल पर सजल घोष ने दीदी (ममता बनर्जी) पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि हावड़ा को सेंसिटिव बनाने का काम मुसलमानों ने नहीं, बल्कि दीदी ने किया है। उनका यह भी कहना था कि सेंसिटिव जगहों के नाम पर मुसलमानों को उकसाया जाता है और दंगों की घटनाओं को बढ़ावा दिया जाता है।

# सुकांत ने कोलकाता में रामनवमी जुलूस से वापस लौटते समय हिंदुओं पर हमले का लगाया आरोप

**❑ कोलकाता पुलिस ने किया इन्कार, कहा– वाहनों को नुक़सान पहुंचाने पर तुरंत हस्तक्षेप किया**

**❑ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने ममता सरकार व पुलिस को घेरा**

**कोलकाता :** बंगाल में रविवार को पूरे दिन इस बार राज्यभर में शांतिपूर्वक रामनवमी उत्सव मनाए जाने के बीच देर शाम कोलकाता के मुस्लिम बहुल पार्क सर्कस इलाके में एक शोभायात्रा से वापस लौटते समय हिंदू श्रद्धालुओं पर कथित हमले की घटना से आरोप प्रत्यारोप तेज हो गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने देर शाम एक्स पर एक पोस्ट कर आरोप लगाया कि



पार्क सर्कस में सेवन प्वाइंट के पास शोभायात्रा से लौटते वक्त भगवा झंडा ले जाने के कारण हिंदुओं पर बर्बर हमला किया और वाहनों पर पत्थर बरसाए गए। कारों के शीशे तोड़ दिए गए। अराजकता फैलाई गई। उन्होंने दावा किया कि यह लक्षित हिंसा थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां मौजूद रहने के वाबजूद पुलिस मूकदर्शक बनी रही और तमाशा देखती रही। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त ममता बनर्जी की पुलिस ने निर्दोष हिंदुओं की रक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

दूसरी ओर, आरोपों को खारिज करते हुए घटना पर कोलकाता पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पार्क सर्कस इलाके में किसी भी जुलूस के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी, न ही इलाके में ऐसी कोई गतिविधियां हुई है। कोलकाता पुलिस ने देर शाम एक्स पर एक पोस्ट में घटना के संबंध में स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि वाहन को नुकसान पहुंचने की सूचना मिलने पर पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप किया और व्यवस्था बहाल की। मामले की जांच के लिए मामला दर्ज किया जा रहा है। लोगों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

वहीं, सुकांत ने आगे कहा कि इन हमलों से हिंदू डरने वाले नहीं हैं।

उन्होंने कोलकाता वासियों से वादा किया कि अगले साल, पार्क सर्कस से और भी बड़ा, जोरदार और शक्तिशाली रामनवमी जुलूस निकलेगा। और वही पुलिस वाले जो आज चुप रहे? वे हम पर फूल बरसाएंगे। इन शब्दों को उन्होंने पुलिस को याद रखेने को कहा।

# श्री सालासर बालाजी सेवक वृंद का 33वां श्री हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को

**❑ श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम में सजेगा श्री सालासर बालाजी का दरबार**



**हावड़ा :** स्वनामधन्य धर्मनिष्ठ सामाजिक संस्था श्री सालासर बालाजी सेवक वृंद, बांधाघाट द्वारा चैत्र शुक्ल पूर्णिमा पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां शुरु हो गई है। इस वर्ष यह महोत्सव आगामी शनिवार, 12 अप्रैल को अनुष्ठित होगा। संस्थापक मोतीलाल भुवालका व मुख्य संरक्षक प्रदीप गुप्ता के मुताबिक संस्था द्वारा लगातार 33 वें वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर राजस्थान के विश्व वंदनीय देवता श्री सालासर बालाजी महाराज का दरबार सजाया जा रहा है। श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम के सभागार में परम श्रद्धेय भागवत मर्मज्ञ पं. मालीराम शास्त्री के पावन सान्निध्य में प्रात: 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक चलने वाले इस महोत्सव में श्री सालासर दरबार की झांकी के समक्ष अखण्ड ज्योति, छप्पन भोग, सामूहिक सुंदरकांड पाठ व संगीतमय भजन-कीर्तन का भव्य विराट आयोजन होगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण सामूहिक सुंदरकांड का पाठ होगा जिसमें श्रद्धालु जय श्री श्याम सेवा संघ व राम अवतार अग्रवाल के साथ सस्वर पाठ करेंगे। महोत्सव में आयोजित भजन संध्या में भजनामृत वर्षा हेतु रवि शर्मा सूरज, करिश्मा चावला, सच्चिदानन्द पारीक, अमोल-शुभम पाराशर, दलजीत-गुरप्रीत सिंह, रानी कौर, योगेश शर्मा व भजन मण्डलों को आमंत्रित किया गया है।

आयोजन के मुख्य संयोजक संदीप गुप्ता (सोनू) ने बताया कि इस महोत्सव का उद्घाटन घुसुड़ीधाम मंदिर के प्रबंध न्यासी बिनोद टिबड़ेवाल, नवल सुल्तानिया, सुरेन्द्र अग्रवाल, गोपाल भवन बांधाघाट के प्रधान सचिव संतोष ढांढनिया, समाजसेवी राजकुमार शर्मा, प्रेम मिलन कोलकाता के चेयरमैन चंद्रकांत सराफ, महेंद्र अग्रवाल, संजय हरलालका सहित अनेक गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में धर्मनिष्ठ उद्य-ोगपति व समाजसेवी बिजय-सरला गुजरवासिया करेंगे। हमेशा की भांति इस आयोजन को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है।

# रामनवमी शोभायात्रा में दिखा भाईचारे का अद्भुत नजारा

**❑ पुलिस सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद**

**हुगली/रिसड़ा, समाज्ञा :** रामनवमी के पावन अवसर पर जिले में शांति, एकता और सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश करते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस वर्ष कुल 14 समितियों ने शोभायात्रा में भाग लिया, जिसमें हजारों की संख्या में रामभक्तों ने हिस्सा लिया। यात्रा नईबस्ती, एसके नगर, शुभाष नगर, हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, एनएस रोड, बांगुड़ पार्क होते हुए जीटी रोड और फिर महेश स्थित स्नान पीढ़ी मैदान तक संपन्न हुई।



पूरे मार्ग पर जय श्रीराम के नारों से माहौल भक्तिमय हो गया। राम, सीता, हनुमान और शिवलिंग की भव्य झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। हर घर पर भगवा ध्वज लहराया गया और 'राम राज्य जब आएगा, हर घर भगवा छाएगा' के नारों से गलियां गूंज उठी।



**❑ सांप्रदायिक सौहार्द्र की मिसाल**

इस शोभायात्रा में एकता और भाईचारे की अनूठी झलक देखने को मिली। पार्षद शाकिर अली समेत मुस्लिम समुदाय के अन्य लोगों ने शोभायात्रा में भाग लेने वाले रामभक्तों के लिए शीतल जल की व्यवस्था की। दीपक सिंह द्वारा शाकिर अली को राम नाम अंकित भगवा दुपट्टा पहनाया गया, जो सांप्रदायिक सौहार्द्र की सशक्त प्रतीक बना।

**❑ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था**

चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा सुरक्षा के अभेद्य प्रबंध किए गए थे। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस कमिश्नर अमित पी. जावालागी के नेतृत्व में श्रीरामपुर जोन के डीसीपी अर्णव विश्वास, एसीपी शुभंकर सरकार, थाना प्रभारी सुखमय चक्रवर्ती और संजय सरकार समेत बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल तैनात रहा। वॉच टावर, ड्रोन, बॉडी कैमरा और सीसीटीवी से निगरानी की गई। जीटी रोड समेत अन्य प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई थी।

**❑ राजनीतिक और सामाजिक सहयोग**

तृणमूल पार्षद पार्थ सारथी गुप्ता, सुमन देवी के सहयोगी प्रदीप राजभर, भाजपा पार्षद शशि सिंह झा और मनोज सिंह तथा शोभायात्रा के मार्गदर्शक दिनेश पेरिवाल ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पेरिवाल ने बताया कि पिछले छह महीनों से चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा विभिन्न धर्मगुरुओं और आयोजकों के साथ समन्वय बैठकें की जा रही थीं, ताकि यह आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

**❑ रिसड़ा से निकली एकता की मिसाल**

इस शोभायात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था का उत्सव मनाया, बल्कि देश को भाईचारे, एकता और सौहार्द्र का सशक्त संदेश भी दिया।

# बंगाल-बिहार और तमिलनाडु के लिए भाजपा की रणनीति, चुनावी राज्यों में हर महीने इतने दिन दौरा करेंगे अमित शाह

**नई दिल्ली/कोलकाता :** भाजपा ने आगामी कई राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए नई रणनीति बनाई है। नई रणनीति में अमित शाह के लिए अलग से प्लान तैयार किया गया है। भाजपा की चुनाव प्रचार रणनीति के तहत केंद्रीय गृह मंत्री अब हर महीने दो-दो दिन बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में बिताने वाले हैं। ये दौरे तीनों राज्यों में विधानसभा चुनाव होने तक जारी रहेंगे, जिसमें पार्टी पूरी ताकत से मोर्चा संभालने के लिए प्रतिबद्ध है।

शुक्रवार को संसद सत्र के समापन के बाद अमित शाह ने तुरंत अपना चुनावी मिशन शुरू



कर दिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, अप्रैल से वे हर महीने तीनों राज्यों का दौरा करेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, शाह बिहार के नेताओं के साथ पार्टी की चुनावी तैयारियों की समीक्षा के लिए 30 अप्रैल और 1 मई को राज्य के दौरे पर रहेंगे।

**❑ बंगाल के लिए विशेष तैयारी**

पश्चिम बंगाल में भी वह हर महीने दो दिन बिताएंगे, जिसकी शुरुआत 14 और 15 अप्रैल को होगी। तमिलनाडु में उनका दौरा 10 और 11 अप्रैल को होगा। अपने दौरे के दौरान वे चेन्नई में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और भाजपा की चुनावी तैयारियों का जायजा लेंगे।

अमित शाह बातचीत में हाल के घटनाक्रमों और गठबंधनों को लेकर चल रही चर्चाओं पर भी चर्चा करेंगे। सूत्रों ने बताया कि चेन्नई में वे भाजपा नेताओं और राज्य में एनडीए गठबंधन के सहयोगियों से मुलाकात करेंगे।

बिहार विधानसभा चुनाव अक्तूबर-नवंबर में होना है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में अगले साल मार्च-अप्रैल में असम, केरल और पुडुचेरी के साथ चुनाव होने की संभावना है। बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में भाजपा सबसे बड़ी सहयोगी है। इस गठबंधन में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) शामिल हैं। जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार करीब 20 साल से राज्य के मुख्यमंत्री हैं। भाजपा हालांकि, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में एक अलग तरह की चुनौती का सामना कर रही है।

**❑ तमिलनाडु में फिर थाम सकती है अन्नाद्रमुक का दामन**

तमिलनाडु में हमेशा एक हाशिये पर रहने वाली भाजपा से उम्मीद की जा रही है कि वह राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के साथ अपने गठबंधन को पुनर्जीवित कर सकती है, ताकि दक्षिणी राज्य में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन को टक्कर दी जा सके। द्रमुक का 2021 से ही राज्य की सत्ता पर दबदबा रहा है।

# विश्व नवकार मंत्र दिवस: जैन समाज में उल्लास, माताजियों की सहमति से कार्यक्रम को मिली आध्यात्मिक ऊंचाई



**कोलकाता, समाज्ञा :** जैन समाज द्वारा आयोजित विश्व नवकार मंत्र दिवस को भव्य और ऐतिहासिक रूप देने की तैयारियां चरम पर हैं। समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग से यह आयोजन धार्मिक चेतना और एकता का प्रतीक बनता जा रहा है। मंगलवार को जैन समाज के लिए एक अत्यंत हर्ष का विषय बना, जब गणिनी आर्यिका श्री 105 सुयोग्यनंदिनी माताजी, आर्यिका श्री 105 श्रुतनंदिनी माताजी, क्षुलिका श्री 105 शुभनंदिनी माताजी और क्षुलिका श्री 105 शुद्धनंदिनी माताजी का विहार वीआईपी रोड पर हुआ। समाज के श्रद्धालुओं ने मार्ग में सेवा का लाभ लेते हुए माताजियों से नेत-ाजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले विश्व नवकार मंत्र दिवस कार्यक्रम में पधारने का निवेदन किया। माताजियों ने आयोजन में सहभागी बनने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की, जिससे पूरे समाज में उत्सव जैसा वातावरण बन गया।

इस विशेष अवसर पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसका संचालन दिनेश जैन गंगवाल ने किया। बैठक में जीतो के चेयरमैन धर्मेंद्र जैन ने कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और इसे सफलतम बनाने का आह्वान किया।

इस बैठक में विशेष रूप से सुनील पहाड़िया, सुमित बागरा, संजय काला (हिंदमोटर), विवेक गंगवाल, सुनील गंगवाल, अनीता गंगवाल, दिलीप बोथरा, अशोक पहाड़िया सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। समस्त कार्यकर्ताओं ने इस आयोजन को जैन समाज की आस्था, एकता और संस्कृति का प्रतीक बनाकर प्रस्तुत करने संकल्प लिया। कार्यक्रम की भव्यता और माताजियों के पावन सानिध्य से यह आयोजन निश्चित ही एक ऐतिहासिक अध्यात्मिक पर्व के रूप में स्थापित होगा।

# मेडिकल काउंसिल का नया नियम डॉक्टरों के लिए विवादास्पद, 30 घंटे का 'क्रेडिट अवर' अनिवार्य

## दूरदराज के डॉक्टरों को हुई मुश्किलें

**कोलकाता, समाज्ञा :** डॉक्टरों के लिए पदोन्नति और रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण में अहम भूमिका निभाने वाले 'क्रेडिट अवर प्वाइंट' को अब मेडिकल काउंसिल ने अनिवार्य कर दिया है, जिससे चिकित्सकों में नाराजगी बढ़ गई है। वर्तमान में, डॉक्टरों को 'क्रेडिट प्वाइंट्स' पाने के लिए कुछ चुनिंदा सीएमई (कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन), सेमिनार, सिम्पोजियम और वर्कशॉप्स में भाग लेना पड़ता है। यह प्वाइंट्स शोध और पदोन्नति में सहायक होते हैं, लेकिन अब इन्हें रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण के लिए अनिवार्य मानक बना दिया गया है, जिससे विवाद उठ खड़ा हुआ है। नए नियम के तहत डॉक्टरों को कम से कम 30 घंटे का क्रेडिट अवर अर्जित करना अनिवार्य किया गया है। इस नए नियम को लेकर डॉक्टरों का कहना है कि चिकित्सा क्षेत्र एक निरंतर विकासशील क्षेत्र है और नए शोध तथा दवाओं की जानकारी समय-समय पर सामने आती रहती है। वे सीएमई कार्यक्रमों में भाग लेने के पक्षधर हैं, लेकिन 30 घंटे के क्रेडिट अवर को अनिवार्य बनाना उनके लिए समस्याएं पैदा कर रहा है। खासकर वे डॉक्टर जो दूरदराज इलाकों में सेवा दे रहे हैं, उनके लिए यह नियम लागू करना संभव नहीं है।

चिकित्सकों का यह भी सवाल है कि क्या इस नए कदम का उद्देश्य सिर्फ काउंसिल के राजस्व में वृद्धि करना है, क्योंकि सीएमई कार्यक्रमों के लिए आयोजकों को प्रति भागीदार 100 रुपये काउंसिल में जमा करने होते हैं। सरकारी डॉक्टरों के संगठनों ने भी इस नियम का विरोध किया है और मेडिकल काउंसिल से यह सुनिश्चित करने की मांग की है कि सभी डॉक्टरों को सीएमई और सिम्पोजियम में नियमित रूप से भाग लेने का अवसर मिले।

## विदेश की खबरें

# हिंदुओं द्वारा 'महाअष्टमी', 'बसंती पूजा' मनाने के मद्देनजर सेना ने बांग्लादेश में सुरक्षा चौकसी बढ़ाई

**ढाका :** बांग्लादेश की सेना ने हजारों हिंदुओं द्वारा 'महाअष्टमी', 'बसंती पूजा' मनाए जाने और पवित्र स्नान करने के मद्देनजर देश भर में सुरक्षा चौकसी बढ़ा दी है। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। बांग्लादेशी सेना ने एक बयान में कहा, 'देश के विभिन्न क्षेत्रों में हजारों की संख्या में सनातन (हिंदू) शांति के साथ त्योहार मना रहे हैं।' बयान में कहा गया कि सैनिक पूजा पंडालों, घाटों और धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं, जिनमें ढाका का बाहरी इलाका लंगोलबांध भी



शामिल है। यहां बांग्लादेश और विदेश से आए हजारों लोगों ने पवित्र स्नान किया। इसमें कहा गया कि सैकड़ों लोगों ने उत्तर-पश्चिमी लालमोनिरहाट में ब्रह्मपुत्र नदी में भी पवित्र डुबकी लगाई। बयान में कहा गया, 'सैनिक पूजा स्थलों और संबंधित क्षेत्रों में निरंतर गश्त कर रहे हैं और निरीक्षण गतिविधियों के माध्यम से सतर्कता बना रखी है। वे यातायात प्रबंधन, नियंत्रण और जांच चौकियों के माध्यम से श्रद्धालुओं की मदद भी कर रहे हैं।' इसमें कहा गया कि सेना ने बांग्लादेश भर में हिंदू समुदाय के नेताओं और पूजा-पाठ का आयोजन करने वाले लोगों के साथ बैठक की और उन्हें त्योहार के दौरान सुरक्षा देना का आश्वासन भी दिया। बयान में कहा गया, 'धार्मिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के उज्ज्वल प्रतीक के रूप में बांग्लादेश सेना धार्मिक त्योहारों के सुचारू आयोजन के लिए सुरक्षा बढ़ा रही है...।'

# गाजा में इजराइली हमले में 32 लोग मारे गए, मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं

**दीर अल-बला :** गाजा पट्टी पर इजराइली हमलों में एक दर्जन से अधिक महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 32 लोग मारे गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्ध के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भेंटवार्ता करने के लिए अमेरिका गये हैं। इजराइल ने पिछले महीने हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त कर दिया था तथा हवाई और जमीनी हमले पुनः शुरू कर दिए थे। उसने ताबड़तोड़ हमला करते हुए क्षेत्रों पर कब्जा किया था ताकि उग्रवादी संगठन पर नए युद्ध विराम समझौते को स्वीकार करने तथा शेष बंधकों की रिहाई के लिए दबाव बनाया जा सके। रविवार रात को किए गए नवीनतम इजराइली हमलों में दक्षिणी शहर खान यूनिस में एक तम्बू और एक घर को निशाना बनाया गया,



जिसमें पांच पुरुष, पांच महिलाएं और पांच बच्चे मारे गए। नासेर अस्पताल ने यह जानकारी दी जहां ये शव लाये गये थे। मारे गए लोगों में एक महिला पत्रकार भी शामिल है। जान गंवाने वाली पत्रकार की मां अमल कास्कीन ने कहा, 'मेरी बेटी निर्दोष है। उसका इसमें कोई हाथ नहीं था, वह पत्रकारिता से प्यार करती थी और उसे बहुत पसंद करती थी।' गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर में इजराइली गोलाबारी में कम से कम चार लोग मारे गए। उधर, मध्य गाजा के दीर अल-बला में अल-अक्सा शहीद अस्पताल में एक बच्चे और तीन महिलाओं समेत पांच लोगों के शव लाये गये।

# रामनवमी पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**लखनऊ/वाराणसी/गोरखपुर/संभल (उप्र) :** रामनवमी के अवसर पर रविवार को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान मंदिरों में सुबह से ही विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हुआ। लखनऊ में इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और हवन के साथ सुबह से ही मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। राज्य की राजधानी लखनऊ में प्रसिद्ध चंद्रिका देवी मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, काली बाड़ी मंदिर, सैलानी माता मंदिरों समेत मंदिरों में खासी भीड़ देखी गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पुलिस बल सतर्क है और पूरे राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। गोरखपुर से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर के अन्न क्षेत्र में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। वाराणसी से मिली जानकारी के अनुसार रामनवमी के अवसर पर बनारस के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विशेष महत्व के इस दिन पर मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। वाराणसी के सभी प्रमुख मंदिरों में अखंड रामायण काज पाठ और कीर्तन शुरू हुआ। श्रद्धालुओं की खासी भीड़ की वजह से सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम में राम नवमी के अवसर पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यह रामायण पाठ चैत्र दुर्गाष्टमी पर्व से प्रारंभ कर रामनवमी की तिथि पर समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि अखण्ड रामायण पाठ का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया।

## प्रभु श्री राम का जीवन मर्यादित आचरण की प्रेरणा देता है : आदित्यनाथ



**गोरखपुर :** छह अप्रैल (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को रामनवमी की बधाई देते हुए रविवार को कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जीवन में मर्यादित आचरण और हर परिस्थिति में धैर्यवान होकर चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री ने रामनवमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आज की पावन तिथि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मदिन से भी जुड़ी है। प्रदेश के हर देवालय में अखंड रामायण का पाठ कल से शुरू हुआ है। अयोध्या धाम में भी उत्सव और उमंग का माहौल है। लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन प्रभु श्री रामलला के जन्मोत्सव में भाग लेने के लिए अयोध्या धाम पहुंचे हुए हैं। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत जीवन हो या पारिवारिक जीवन, सार्वजनिक जीवन हो या राष्ट्रीय जीवन, सामाजिक रिश्ते हों या राष्ट्रीय रिश्ते उनका निर्वहन कैसे होना चाहिए इसके लिए मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का उच्च जीवन आदर्श हमें प्रेरणा प्रदान करता है।

## विदेश में 'राम नाम बैंक' खोलने पर विचार कर रहे हैं यूरोप और अमेरिका में रहने वाले हिंदू

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित 'राम नाम बैंक' से प्रभावित होकर यूरोप और अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के हिंदू अपने-अपने देशों में इस बैंक की शाखा खोलने पर विचार कर रहे हैं। रामनवमी के अवसर पर स्वीडन में रविवार को भक्तों के बीच 'राम नाम बैंक' खोलने के विचार पर चर्चा हुई। स्वीडन के अलमहल्ट में एक वैश्विक फर्नीचर रिटेलर कंपनी के लिए काम करने वाले और एक स्थानीय मंदिर के मामलों का प्रबंधन करने वाले आर्किटेक्ट नित्यानंद शर्मा ने कहा कि लोग भगवान राम के नाम का प्रचार करने वाले बैंक के विचार से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा, भगवान राम का नाम संदेह, भय और चिंता को दूर करने के लिए काफी शक्तिशाली व प्रभावी है। यही कारण है कि प्रयागराज स्थित 'राम नाम बैंक' द्वारा प्रचारित एक पुस्तिका में प्रतिदिन 108 बार भगवान का नाम लिखकर दिव्य उपस्थिति को अपनाने की अवधारणा को दुनिया भर में कई लोग अपना रहे हैं।



अयोध्या: रामनवमी पर पुजारी ने किया श्री रामलला का अभिषेक



वाराणसी में मुस्लिम महिलाओं ने राम लला की आरती की और भक्तिभाव के साथ राम नवमी मनाई।

## नाथ संप्रदाय ने सनातन धर्म को शक्ति देने का काम किया: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह



**जयपुर :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को राजस्थान के कोटपूतली में कहा कि नाथ संप्रदाय ने सनातन धर्म को शक्ति देने का काम किया है। शाह, कोटपूतली जिले के पावटा में बाबा बालनाथ आश्रम में 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय महायज्ञ की महा पूर्णाहुति एवं सनातन सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने कहा, महाप्रभु आदिनाथ से लेकर नौ गुरुओं और उनके बाद ऊर्जा के अनेक वाहकों के माध्यम से सनातन धर्म को नाथ संप्रदाय ने शक्ति देने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के सभी तत्वों को मिलाकर आत्मज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नाथ संप्रदाय में धूणी को माना गया है। शाह ने कहा, मैं बहुत कम उम्र से सार्वजनिक जीवन से जुड़ा हूं। कई सारे धार्मिक कार्यक्रमों में भी गया हूं, लेकिन इस प्रकार का समाज को जोड़ने वाला, व्यक्तियों को धर्ममय बनाने वाला और पर्यावरण की सेवा करने वाला प्रयास मैंने आज तक नहीं देखा। उन्होंने कहा कि इस आश्रम में बाबा बालनाथ की प्रेरणा से 16 साल से लगातार यज्ञ का आयोजन बाबा बस्तीनाथ कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अनेक भक्तों ने यहां आकर कई प्रकार के व्यसनों का त्याग किया, नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा की, सामाजिक समरसता का प्रतीक बने और बाबा बालनाथ जी की समाधि को और ऊर्जा और शक्ति प्रदान करने का काम किया। उन्होंने कहा कि इस अखंड धूणी को एक महासिद्ध योगी ने शुरू किया और बाबा बस्ती नाथ जी इसे आगे बढ़ा रहे हैं। शाह ने कहा, भारत में अनेक संत, महापुरुष, ऋषि, मुनि रहे हैं और बाबा बालनाथ जी भी ऐसे एक महायोगी थे जिन्होंने इसी भूमि पर जन्म लेकर देश-विदेश में 84 धूनियों की स्थापना कर अपने पूरे जीवन को धर्ममय बनाने का काम किया।

## वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के हित में है: सैनी



'परंतु कांग्रेस को पीड़ा हो रही है, कांग्रेस की दाल रोटी बंद हो गई है।'

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) कानून मुसलमानों के हित में है। सैनी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इसका (वक्फ कानून) विरोध इसलिए कर रही है क्योंकि उसे डर है कि वह इससे अपनी 'आय' खो बैठेगी। सैनी ने पंचकूला स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के अवसर पर संवाददाताओं से कहा, 'वक्फ संशोधन कानून मुसलमानों के हित में है और यह वक्फ के हित में है।' उन्होंने कहा, 'परंतु कांग्रेस को पीड़ा हो रही है, कांग्रेस की दाल रोटी बंद हो गई है।' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस द्वारा वोट बैंक हासिल करने के लिए किए गए सभी कार्यों को खत्म करने में लगे हुए हैं। भाजपा के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में भाजपा के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित नहीं करना चाहती, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वे कानून के दायरे में काम करें, ताकि उनकी संपत्ति का इस्तेमाल मुस्लिम समुदाय में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार को बढ़ावा देने में किया जा सके।

## किसान नेता डल्लेवाल ने 130 दिन के बाद अपना अनशन समाप्त किया: कहा- संघर्ष जारी रहेगा



**चंडीगढ़ :** पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने रविवार को अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया। डल्लेवाल ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी सहित आंदोलनकारी किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर पिछले साल 26 नवंबर को अनशन शुरू किया था। यह घोषणा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा उनसे आमरण अनशन समाप्त करने की अपील के एक दिन बाद की गई। डल्लेवाल ने पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद में आयोजित 'किसान महापंचायत' में घोषणा की कि वह अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फसलों के लिए एमएसपी पर कानूनी गारंटी और अन्य मांगों के लिए उनकी लड़ाई जारी है। डल्लेवाल ने स्ट्रेचर पर बैठकर वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ''आप सभी ने मुझसे आमरण अनशन समाप्त करने को कहा है। मेरे लिए संगत ही रब का रूप है। मेरी इच्छा के अनुरूप आंदोलन को जारी रखने के लिए मैं आप सभी का आभारी हूं। मैं आपकी भावनाओं का सम्मान करता हूं।'' उन्होंने कहा, 'यह 'मोर्चा' (आंदोलन) जारी है। आज भी मैं अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त नहीं करना चाहता, लेकिन आपने मुझसे बार-बार (अनशन समाप्त करने के लिए) कहा है और मैं इसका सम्मान करता हूं।' डल्लेवाल ने उपस्थित लोगों से कहा, 'लेकिन मैं आपसे पूछना चाहता हूं और आश्वासन चाहता हूं कि हमें एक मजबूत मोर्चा बनाना होगा। लड़ाई जारी है।

### उत्तर प्रदेश: ताजमहल के पास विदेशी महिला पर्यटक से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**आगरा :** उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल घूमने आई चेक गणराज्य की महिला पर्यटक से छेड़छाड़ के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना तीन अप्रैल को हुई थी और पुलिस की गहन जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिला ने पर्यटन थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि शनिवार दोपहर करीब एक बजे शमशान घाट रोड पर टहलते समय उसके साथ छेड़छाड़ की गयी। महिला ने शिकायत में आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे गलत तरीके से छुआ और परेशान किया। ताज सुरक्षा के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सैयद अरीब अहमद ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और कई टीमों तैनात की गयीं।

## झारखंड में हर्षोल्लास के साथ मनायी गई रामनवमी,मुख्यमंत्री सोरेन ने रांची के मंदिर में पूजा-अर्चना की



**रांची :** झारखंड में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार को हर्षोल्लास के साथ रामनवमी मनाई गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन ने रांची के राम जानकी तपोवन मंदिर में पूजा-अर्चना की। सुबह से ही राज्य के मंदिरों के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें दिखीं। इस अवसर पर दोपहर में कई इलाकों में शोभा यात्राएं निकाली गईं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'श्री रामनवमी के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। जय सिया राम!' उन्होंने कहा, 'प्रभु श्री राम का विशाल जीवन हमें प्रेम, मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, उदारता और त्याग का अप्रतिम संदेश देता है। प्रभु श्री राम के महान आदर्श युगों-युगों तक मानवजाति को प्रेरणा की अविरल धारा से सिंचित करते रहेंगे। आज का यह शुभ अवसर सभी के जीवन में खुशियां लाए, आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं।' राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। रामनवमी के उपलक्ष्य में राज्य की राजधानी की सड़कें भगवान राम और भगवान हनुमान की तस्वीरों वाले भगवा झंडों से सजाई गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पूरे झारखंड में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह और हजारीबाग जैसे संवेदनशील जिलों में पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सभाओं पर नजर रखने के लिए प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और वीडियो कैमरों से लैस सुरक्षाकर्मियों की भी व्यवस्था की गई है। रांची में 200 मजिस्ट्रेट और 2,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

## आगरा के 'शाहजहां गार्डन' का नाम बदलकर अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखा जाए : मंत्री बेबी मौर्य



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने आगरा स्थित 'शाहजहां गार्डन' का नाम बदलकर अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने की मांग की है। प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री मौर्य ने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। शाहजहां गार्डन आगरा जिले में ताजमहल और आगरा किले के बीच बना एक हरा-भरा उद्यान है। मौर्य ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'हां, मैंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखा है और शाहजहां गार्डन का नाम रानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने का मेरा प्रस्ताव जल्द ही मूर्त रूप लेगा। अहिल्याबाई ने महिला सशक्तीकरण के लिए बहुत कुछ किया था।' नाम बदलने की मांग करने के पीछे की वजह के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मैं आगरा की बेटी हूं और हमेशा महान अहिल्याबाई होल्कर से प्रेरणा लेती रही हूं, जिन्होंने महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया। यह मुद्दा मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए मुझे लगता है कि इस उद्यान का नाम बदलने से लोगों, खासकर महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी।' आगरा देहात विधानसभा क्षेत्र से विधायक बेबी मौर्य ने नाम बदलने की विभिन्न मांगों के संबंध में कहा, 'जब हमारे पास इतने सारे 'रोल मॉडल' हैं तो मुझे लगता है कि हमें उन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है और इस तरह के नाम बदलने में कुछ भी गलत नहीं है।'

## न्यूज इन ब्रीफ

### युवक ने कहासुनी के बाद प्रेमिका के दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या की

**सहारनपुर :** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में एक युवक ने अपनी प्रेमिका से कहासुनी के बाद उसके ही दुपट्टे का फंदा बनाकर पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि रविवार को बिहारीगढ़ थानाक्षेत्र के कुरडीखेडा बारूगढ मार्ग पर अपने खेत जा रहे किसानों ने एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ देखा और उसके पास में ही एक युवती रोती हुई नजर आई। उन्होंने बताया कि किसानों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जैन ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बिहार : बक्सर में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत, तीन घायल

**बक्सर (बिहार) :** बिहार के बक्सर जिले में रविवार तड़के एक कार के ट्रक से टकरा जाने की घटना में चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। ये सभी लोग कार में सवार थे। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान प्रमोद सिंह (40), उनके बेटे बंटी कुमार (12), पप्पू सिंह और सोनू कुमार के रूप में की गई है। इंडस्ट्रीयल पुलिस थाना प्रभारी संजय कुमार ने पत्रकारों को बताया कि यह हादसा हर्किशुनपुर गांव के पास बक्सर-राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के हुआ जब कार ने ट्रक को पीछे से टक्कर मारी। उन्होंने बताया, ''हादसे में घायल सात लोगों को अस्पताल ले जाया गया जहां तीन को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बाकी तीन घायलों का इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।'' थाना प्रभारी के अनुसार, मृतक रोहतास जिले के निवासी थे और आपस में रिश्तेदार थे। ग्रामीणों के अनुसार, यह हादसा तब हुआ जब वे लोग बिक्रमगंज की रहने वाली फूलपतिया देवी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बक्सर जा रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### उत्तर प्रदेश: आठ अप्रैल से शुरू होगा 108 दिवसीय 'फूल बांग्ला उत्सव'

**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मथुरा में स्थित बांके बिहारी मंदिर में 'फूल बांग्ला उत्सव' चैत्र मास की एकादशी यानी आठ अप्रैल से शुरू होगा और 24 जुलाई तक जारी रहेगा। मंदिर के एक पदाधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य भगवान को चिलचिलाती गर्मी से राहत देना है। पदाधिकारी ने बताया कि यह उत्सव 108 दिन तक आयोजित किया जाएगा। राजभोग सेवाधिकारी ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामी ने बताया, भगवान को गर्मी से राहत देने के लिए मंदिर को हजारों सुगंधित और सजावटी फूलों से सजाया गया है। सजावट के लिए बेला, मोगरा और गुलाब समेत अनेक किस्म के फूलों का इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने बताया कि ये फूल न केवल स्थानीय विक्रेताओं से बल्कि अजमेर, कानपुर और कन्नौज से भी मंगवाए जाते हैं। गोस्वामी ने बताया कि सुगंधित फूल दिल्ली से मंगवाए जा रहे हैं।

### शेख सलीम चिश्ती दरगाह के नए सज्जादानशीन अरशद फरीदी होंगे, सोमवार को होगी दस्तारबंदी

**आगरा :** आगरा जिले के फतेहपुर सीकरी स्थित विश्व प्रसिद्ध दरगाह शेख सलीम चिश्ती के नए सज्जादानशीन अरशद फरीदी होंगे। दरगाह की ओर से रविवार को यह जानकारी दी गई। एक बयान के मुताबिक, सूफी संत हज़रत शेख़ सलीम चिश्ती की ऐतिहासिक दरगाह में सात अप्रैल, सोमवार को पीरज़ादा अरशद फ़रीदी दरगाह के 17वें सज्जादानशीन का दायित्व संभालेंगे। सोमवार को दस्तारबंदी (पगड़ी बांधने की रस्म) होगी। फतेहपुर सीकरी में दस्तारबंदी का आयोजन होगा, जिसमें कई दरगाहों के सज्जादानशीन मौजूद रहेंगे। कार्ययक्रम में अजमेर स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह के सज्जादानशीन सैयद जैनुल आब्दीन विशेष अतिथि होंगे। बयान में कहा गया है कि दस्तारबंदी का कार्यक्रम 80 साल के बाद देखने को मिलेगा और पिछली बार यह कार्यक्रम 1945 में हुआ था जब अरशद फरीदी के पिता रईस मियां को सज्जादानशीन बनाया गया था और तब उनकी उम्र महज सात साल थी।

## न्यूज अपडेट

### वक्फ की संपत्तियों पर 'बाहुबलियों' का कब्जा, गरीब मुसलमानों को कोई फायदा नहीं हुआ: राठौड़



**जयपुर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने रविवार को कहा कि 'बाहुबलियों' ने वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर कब्जा कर लिया और वहां होटल व दुकानें बना दी जबकि गरीब मुसलमानों को इसका कोई लाभ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम गरीब मुसलमानों और महिलाओं के अधिकारों को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। राठौड़ ने यहां संवाददाताओं से कहा, वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर 'बाहुबलियों' ने कब्जा कर फाइव स्टार होटल बना दिए। मुस्लिम समाज के लोगों ने दुकानें बना दीं और उनसे कमाई कर रहे हैं। लेकिन मुस्लिम समाज के गरीब लोगों को इसका कोई लाभ नहीं मिला। उन्होंने कहा, आज मुस्लिम समाज में कितनी गरीबी है? टायर पंक्चर निकालने से ज्यादा आगे नहीं बढ़ने दिया उनको। हम चाहते हैं कि वो भी समृद्ध बनें। यह हमारी सोच है। राठौड़ ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित हो चुका है और इसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिल चुकी है, जिससे यह कानून बन गया है। उन्होंने कहा, गरीब मुस्लिम लोगों को इस कानून का फायदा मिलना चाहिए। इसके लागू होने के बाद वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण अनिवार्य होगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि वक्फ की जमीन बोर्ड के पास ही रहे। राठौड़ ने कहा कि महिलाओं सहित मुस्लिम समुदाय के सदस्यों को वक्फ समिति में प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि विभाजन के समय पाकिस्तान चले गए लोगों की संपत्ति वक्फ ने अपने कब्जे में ले ली थी जबकि पाकिस्तान से आए हिंदुओं की संपत्ति पर वहां के लोगों ने कब्जा कर लिया। राठौड़ ने कहा कि वक्फ बोर्ड की भूमि का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है। राठौड़ ने कहा कि 2006 में वक्फ कमेटी की भूमि चार लाख एकड़ थी, जो आज साढ़े आठ लाख एकड़ हो गई तो यह संपत्ति कहां से आई? प्रदेशाध्यक्ष ने दावा किया कि 2006 में वक्फ संपत्तियों से आय 163 करोड़ रुपये थी, जो अब केवल तीन करोड़ रुपये बढ़कर 166 करोड़ रुपये हुई है।

### राहुल गांधी सोमवार को बिहार का दौरा करेंगे, पदयात्रा में हिस्सा लेंगे

**पटना :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को बिहार आएंगे और बेगूसराय में एक पदयात्रा में हिस्सा लेंगे तथा पटना में दो कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने दी। कुमार ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी सुबह पटना पहुंचेंगे और 'पलायन रोको, नौकरी दो'' पर राज्यव्यापी पदयात्रा के लिए बेगूसराय जाएंगे। रायबरेली के सांसद राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक मिनट का वीडियो संदेश साझा किया है, जिसमें उन्होंने बिहार के युवाओं से सफेद टी-शर्ट पहनकर मार्च में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने वीडियो में कहा, 'हमारा उद्देश्य बिहार के युवाओं की दुर्दशा की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित करना है, जो देख रहे हैं कि सरकारी नौकरियां दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही हैं और निजीकरण से कोई लाभ नहीं हो रहा है। अपने अधिकारों के लिए सरकार पर दबाव बनाने और उसे (सत्ता से) हटाने के लिए आवाज उठाएं।'

### पंजाब के पटियाला में महिला को खंभे से बांधकर पीटा गया

**चंडीगढ़ :** पंजाब के पटियाला जिले में एक परिवार के सदस्यों द्वारा एक महिला को खंभे से बांधकर पीटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक पीड़ित महिला के बेटे पर परिवार की बहू को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप है। उन्होंने बताया कि इस घटना के संबंध में मामला दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पंजाब राज्य महिला आयोग ने घटना का संज्ञान लेते हुए पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को इस मामले में सात अप्रैल तक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। यह घटना चार अप्रैल को पटियाला के जनसूहा गांव में घटी और घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। करीब चालीस वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसी इलाके में रहने वाले परिवार ने उसे उस समय पकड़ लिया जब वह कहीं जा रही थी। महिला ने आरोप लगाया कि उसे एक खंभे से बांध दिया गया, पीटा गया और उसके कपड़े फाड़ दिए गए। महिला ने बताया कि वे उसके 18 वर्षीय बेटे का पता पूछ रहे थे, क्योंकि उनका दावा है कि उसका बेटा उनकी बहू को भगा ले गया है। महिला ने कहा कि वह लगातार विनती करती रही कि उसे अपने बेटे के बारे में पता नहीं है और यहां तक कि उसने अपने बेटे का पता लगाने में मदद की पेशकश भी की।

### बांके बिहारी मंदिर में दान पेटी से रुपये चुराने के आरोप में बैंककर्मी गिरफ्तार

**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मथुरा में बांकेबिहारी मंदिर की दान पेटियों से करीब 10 लाख रुपये कथित रूप से चुराने के लिए एक बैंककर्मी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, वृन्दावन में बांकेबिहारी मंदिर की दान पेटियों में शनिवार को आई रकम की गिनती करते समय एक बैंककर्मी ने पांच सौ और दो सौ रुपयों की कई गड्डी अपनी पैंट में छुपा लीं, जिसे नियंत्रण कक्ष में सीसीटीवी की निगरानी कर रहे मंदिर के सुरक्षाकर्मियों ने देख लिया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों की शिकायत पर पुलिस के सामने आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके कपड़ों से कुल एक लाख 28 हजार 600 रुपये बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक, आरोपी से पूछताछ में पता चला कि इससे पहले भी वह दो दिन में करीब साढे.आठ लाख चुराकर अपने घर ले जा चुका था।

### उत्तर प्रदेश: ईद पर फलस्तीन का झंडा लहराने वाला बिजली विभाग का संविदाकर्मी बर्खास्त

**सहारनपुर :** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में ईद की नमाज के दौरान फलस्तीन का झंडा लहराने वाले कैलाशपुर बिजली विभाग के संविदाकर्मी को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कैलाशपुर बिजलीघर में संविदाकर्मचारी साकिब खान ने ईद के दिन नमाज अदा करने के बाद फलस्तीन का झंडा लहराया और उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की थी। साकिब कैलाशपुर में 'फीडर' के पद पर कार्यरत था। अधिकारी ने बताया कि विभाग की जानकारी में जब यह मामला आया तो इसे देश विरोधी गतिविधि माना गया, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित कम्पनी को पत्र लिखकर साकिब को सेवा से हटाने के निर्देश दिये गये।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सौंपा पहला वर्टिकल लिफ्ट 'पंबन' सी ब्रिज

## रामेश्वरम में 8,300 करोड़ से अधिक की विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया



**रामेश्वरम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री ब्रिज पंबन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में कई अन्य विकास परियोजनाओं की शुरुआत भी की। समुद्र के ऊपर बना यह रेलवे ब्रिज अतीत और भविष्य को जोड़ता है। इसे राम नवमी के दिन जनता के सामने पेश किया गया। इस दौरान पीएम मोदी के वहां होने से रामेश्वरम में सुरक्षा बढ़ा दी गई।

दोपहर करीब 1 बजे प्रधानमंत्री ने नए पंबन रेलवे पुल को जनता को समर्पित किया। उन्होंने रामेश्वरम से तांब्रम (चेन्नई) के बीच एक नई ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई। साथ ही उन्होंने एक तटरक्षक जहाज को भी रवाना किया। यहां से पीएम मोदी रामेश्वरम के प्रसिद्ध रामनाथस्वामी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान के दर्शन और पूजा-अर्चना की। उन्होंने 8,300 करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे और सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया।

**राज्य के किसानों, चमड़ा व लघु उद्योगों को होगा परियोजनाओं से फायदा**

इन परियोजनाओं में एनएच-40 के 28 किलोमीटर लंबे वालाजापेट-रानीपेट खंड को चार लेन का बनाने के कार्य का शिलान्यास और एनएच-332 के 29 किलोमीटर लंबे विलुप्पुरम-पुडुचेरी खंड को चार लेन का बनाने का काम, एनएच-32 का 57 किलोमीटर लंबा पूंडियनकुप्पम-सत्तनाथपुरम खंड और एनएच-36 का 48 किलोमीटर लंबा चोलापुरम-तंजावुर खंड शामिल हैं। ये सड़कें तीर्थ स्थलों, पर्यटन स्थलों, शहरों, मेडिकल कॉलेजों और बंदरगाहों को बेहतर ढंग से जोड़ेंगी। ये स्थानीय किसानों को बाजार तक पहुंचने में मदद करेंगी और चमड़ा व लघु उद्योगों को बढ़ावा देंगी।

**राम के बनाए रामसेतु की तरह है मजबूत**

इस पंबन ब्रिज का सांस्कृतिक महत्व भी है। रामायण के अनुसार, भगवान राम की सेना ने राम सेतु का निर्माण रामेश्वरम के नजदीक धनुषकोडी से शुरू किया था। नया पंबन रेलवे ब्रिज रामेश्वरम द्वीप को भारत की मुख्य भूमि से जोड़ता है और यह वैश्विक मंच पर भारतीय इंजीनियरिंग की एक बड़ी उपलब्धि है। इसकी लागत 550 करोड़ रुपये से अधिक है। यह ब्रिज 2.08 किलोमीटर लंबा है। इसमें 99 स्पैन (खंभों के बीच की दूरी) हैं और इसका लिफ्टिंग हिस्सा 72.5 मीटर लंबा है, जो 17 मीटर ऊंचाई तक उठ सकता है। इससे बड़े जहाज आसानी से गुजर सकते हैं और ट्रेन सेवा भी बिना बाधा जारी रह सकती है।

**111 साल पहले ब्रिटिश इंजीनियरों के बनाये ब्रिज की लेगा जगह**

पहला पंबन ब्रिज 1914 में ब्रिटिश इंजीनियरों ने बनाया था। यह एक कैंटिलीवर (धातु या लकड़ी का एक लंबा टुकड़ा जो पुल के अंत को सहारा देने के लिए दीवार से बाहर निकलता है) डिजाइन का ब्रिज था। इसमें एक शेरजर रोलिंग लिफ्ट हिस्सा था। यह समुद्र में खुलकर जहाजों को रास्ता देता था। एक सदी से अधिक वक्त तक यह ब्रिज तीर्थ यात्रियों, पर्यटकों और व्यापारियों के लिए जीवनरेखा की तरह काम करता रहा। लेकिन समुद्री माहौल से नुकसान और बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए सरकार ने फरवरी 2019 में नए तकनीकी और मजबूत पंबन ब्रिज के निर्माण की मंजूरी दी।

**दुनिया के प्रतिष्ठित ब्रिज्स की कतार शामिल हुआ देश का यह ब्रिज**

नए पंबन ब्रिज का निर्माण रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने किया है। यह रेल मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न कंपनी है। ब्रिज निर्माण के दौरान पर्यावरणीय प्रतिबंध, समुद्र की तेज लहरें, तेज हवाएं और खराब मौसम जैसी कई चुनौतियां आईं। यह इलाका चक्रवात और भूकंप के लिए संवेदनशील है, इसलिए इंजीनियरों ने बहुत सोच-समझकर मजबूत डिजाइन तैयार किया।

**ब्रिज रेलवे के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण पुलों में से एक है: अश्विनी वैष्णव**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि पंबन ब्रिज रेलवे के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण ब्रिज में से एक है। समुद्र पर निर्मित यह पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज तमिल इतिहास, संस्कृति, प्राचीन तमिल सभ्यता और तमिल भाषा के लिए सबसे महान वास्तुशिल्प चमत्कारों में से एक है। इसके अनूठे डिजाइन के पीछे पीएम मोदी की प्रगतिशील सोच हैं। तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में यह ब्रिज जंग से खत्म हो चुके पुराने ढांचे की जगह लेगा। यह देश के रेलवे बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### महाराष्ट्र में भाजपा के सदस्यता अभियान के दौरान उसके 1.51 करोड़ नय सदस्य बने

**नागपुर :** महाराष्ट्र में कम से कम 1.51 करोड़ लोगों ने हाल के एक अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्राथमिक सदस्यता ली है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले से रविवार को यह जानकारी दी। बावनकुले यहां भाजपा के नए कार्यालय की आधारशिला रखने के लिए आयोजित समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि सदस्यता अभियान के दौरान एक लाख से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर सभी सदस्यों के लिए पार्टी पहचान पत्र बनाए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में 1.51 करोड़ लोगों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली। बावनकुले ने कहा कि महाराष्ट्र भाजपा के इतिहास में, जब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पार्टी अध्यक्ष थे, तब पार्टी ने 97 लाख सदस्य बनाए थे और अब, पार्टी ने एक करोड़ से अधिक लोगों को अपने साथ जोड़ा है।

### भाजपा आज कर्नाटक में 16 दिवसीय आंदोलन शुरू करेगी

**बेंगलुरू :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई महंगाई और सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण के खिलाफ सोमवार से 16 दिवसीय आंदोलन शुरू करेगी। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने रविवार को पत्रकारों से कहा कि 'जन आंदोलन' पूरे राज्य में होगा। उन्होंने कहा, ''यह आंदोलन चार चरणों में होगा।'' उन्होंने कहा कि जनआक्रोश यात्रा' का पहला चरण मैसूरु, मांड्या, हासन, कोडागु, मंगलुरु, उडुपी, चिक्कमगलुरु, शिवमोग्गा और उत्तर कन्नड़ जिलों में होगा। अशोक के अनुसार दूसरे चरण में बेलगावी, हुबली, बागलकोट, कलबुर्गी, विजयपुरा और बीदर जिलों में यह यात्रा निकाली जायेगी। उनके मुताबिक तीसरे चरण में दावणगेरे, हावेरी, गडग, कोप्पल, रायचूर, चित्रदुर्ग, विजयनगर, बल्लारी और तुमकुरु जिलों में यात्रा होगी। वरिष्ठ भाजपा नेता का कहना था कि चौथे चरण में बेंगलुरु शहरी जिला, बेंगलुरु ग्रामीण जिला, चिक्काबल्लापुरा, कोलार और रामनगर जिले यात्रा का हिस्सा बनेंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी और दूसरे दिग्गज नेताओं की वजह से सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी भाजपा: फडणवीस

**नागपुर :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाने का श्रेय रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा अटल बिहारी वाजपेयी जैसे दिग्गज नेताओं के प्रयासों को दिया। भाजपा की स्थापना 1980 में हुई थी। भाजपा के गठन के बाद 1984 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में पार्टी ने केवल दो सीट जीती थीं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा नागपुर में भाजपा के नए कार्यालय की आधारशिला रखे जाने के बाद फडणवीस ने कहा कि ऐसा लग रहा है जैसे हमारे अपने घर का शिलान्यास हो रहा है।''

## नेता को पार्टी और कार्यकर्ताओं को अपना परिवार समझना चाहिए: गडकरी




**नागपुर :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि एक राजनेता के लिए पार्टी उसके परिवार की तरह होनी चाहिए और उसे पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने परिवार के सदस्य के रूप में मानना चाहिए। गडकरी ने यह बात महाराष्ट्र के नागपुर शहर में भाजपा के नए कार्यालय की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित करने दौरान कही। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले भी उपस्थित थे। भाजपा आज अपना स्थापना दिवस भी मना रही है। गडकरी ने कहा, ''एक नेता के लिए उसकी पार्टी उसके परिवार की तरह होनी चाहिए तथा पार्टी कार्यकर्ता उसके परिवार के सदस्य की तरह होने चाहिए। आपको पार्टी कार्यकर्ताओं से वैसा ही प्यार करना चाहिए जैसा आप अपने बच्चों से करते हैं।'' गडकरी ने कहा कि उनके और फडणवीस जैसे नेताओं को आज जो कुछ भी बनने का अवसर मिला है, वह शुरू से ही असंख्य पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण और बलिदान के कारण संभव हुआ है। उन्होंने दावा किया कि एक समय ऐसा भी था जब कांग्रेस ने समाज में जनसंघ, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस की गलत छवि फैलाने की कोशिश की थी। भाजपा नेता ने कहा, ''लेकिन, हमने अपने बारे में फैलाई गई गलत सूचनाओं को दूर किया है। हमारी पार्टी कोई जातिवादी या सांप्रदायिक पार्टी नहीं है।'' गडकरी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति के कारण बड़ा नहीं होता है। उन्होंने कहा, ''भाजपा कार्यकर्ता होना ही हमारी जाति (पहचान) है।''

## म्यांमा भूकंप: भारत ने सी-17 विमान से और अधिक मानवीय सहायता भेजी



**नयी दिल्ली :** भारत ने म्यांमा में आए भूकंप से प्रभावित लोगों की मदद के लिए 31 टन और राहत सामग्री भेजी है। इसमें भारतीय सेना के 'फील्ड अस्पताल' के लिए जरूरी सामान भी शामिल है। यह सहायता 'सी-17 ग्लोबमास्टर' से भेजी गई। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विमान ने रविवार सुबह गाजियाबाद के हिंडन वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया और कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने पोस्ट में लिखा, '' 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत सी-17 विमान 31 टन मानवीय सहायता के साथ मांडले के लिए रवाना हुआ, जिसमें भारतीय सेना की फील्ड अस्पताल इकाई के लिए जरूरी सामान भी शामिल है।'' पिछले सप्ताह म्यांमा में 7.7 तीव्रता का भूकंप आने से 3,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई। भारत ने भूकंप से हुई तबाही के बाद 'ऑपरेशन ब्रह्मा' नाम से राहत अभियान शुरू किया था।

## वक्फ के बाद भाजपा की नजर ईसाई, जैन, बौद्ध और हिंदू मंदिरों की जमीन पर है: उद्धव

**मुंबई :** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर रविवार को आरोप लगाया कि वक्फ कानून लागू करने के बाद पार्टी अब अपने 'मित्रों' के लिए ईसाइयों, जैनियों, बौद्धों और यहां तक कि हिंदू मंदिरों की जमीन पर नजर गड़ाए हुए है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्रपवार) के नेता जितेंद्र आव्हाड ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) समर्थित पत्रिका 'ऑर्गनाइजर' में छपे एक लेख का हवाला देते हुए इसी तरह का आरोप लगाया है। ठाकरे ने कभी उसकी सहयोगी रही भाजपा को सलाह दी कि वह भगवान राम की तरह व्यवहार करे। भाजपा रविवार को अपना 46वां स्थापना दिवस मना रही है। ठाकरे ने कहा, ''वक्फ कानून के बाद अगला कदम ईसाई, जैन, बौद्ध और यहां तक कि हिंदू मंदिरों की जमीन पर नजर रखना होगा। वे (भाजपा) अपने दोस्तों को कीमती जमीन देंगे। उन्हें किसी समुदाय से कोई प्यार नहीं है।'' राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 को शनिवार को अपनी मंजूरी दे दी जिसे इसी सप्ताह संसद ने पारित किया था। सरकार का कहना है कि यह कानून देश में मुस्लिम धार्मिक संस्थाओं से संबंधित सुधारों की शुरुआत करेगा। ठाकरे ने 'ऑर्गनाइजर' के एक लेख का हवाला देते हुए कहा, ''उन्होंने इसे सार्वजनिक कर दिया है और हर किसी को अपनी आंखें खोल लेनी चाहिए।'' ठाकरे ने पार्टी की आईटी और संचार शाखा 'शिव संचार सेना' की शुरुआत करने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं।

### जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के एक वनक्षेत्र से सुरक्षाबलों ने रविवार को हथियार और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा, '' एक संयुक्त तलाशी अभियान में पुलिस और सेना ने कुपवाड़ा के कंडी वनक्षेत्र में हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया।'' अधिकारियों के अनुसार सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान के दौरान एक मशीन गन, सात हथगोले, 90 कारतूस, चीन निर्मित एक दूरबीन, सौर ऊर्जा चालित दो मोबाइल चार्जर, कपड़े और एक विदेशी स्लीपिंग बैग बरामद किया।

## भारतीय नौसेना ने ओमान तट पर पाकिस्तानी चालक दल के सदस्य को चिकित्सा सहायता दी



**मुंबई :** अरब सागर के मध्य क्षेत्र में तैनात भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत ने ओमान तट के पास मछली पकड़ने वाले जहाज पर सवार पाकिस्तानी चालक दल के सदस्य को तत्काल महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता प्रदान की। नौसेना ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय नौसेना के मिशन पर तैनात 'स्टील्थ फ्रिगेट' आईएनएस त्रिकंद को ओमान तट से लगभग 350 समुद्री मील पूर्व में संचालित ईरानी नौका अल ओमीदी से संकट का एक संदेश शुक्रवार को मिला, जिसके बाद इसने तुरंत हस्तक्षेप किया। नौसेना ने एक विज्ञप्ति में कहा कि जांच में पता चला कि नौका के चालक दल का एक सदस्य इंजन पर काम करते समय घायल हो गया था। उसकी उंगलियों में गंभीर चोट पहुंची थी और उसकी हालत गंभीर थी। उसे ईरान जा रही एफवी अब्दुल रहमान हंजिया नामक एक अन्य नौका में स्थानांतरित कर दिया गया था। नौसेना ने कहा, ''त्रिकंद ने चालक दल के घायल सदस्य को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए तुरंत अपना मार्ग बदल दिया। एफ.वी. अब्दुल रहमान हंज़िया के चालक दल में 11 पाकिस्तानी थे, जिसमें नौ बलूचिस्तान के और दो सिंध प्रांत के थे। इसके अलावा ईरान के पांच कर्मी भी मौजूद थे। बलूचिस्तान का रहने वाला सदस्य घायल हो गया था। उसकी हड्डी टूट गई थी और हाथ में गंभीर चोट पहुंची थी, जिसके परिणामस्वरूप बहुत रक्तस्राव भी हुआ।''

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर की तीन दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंचे



**जम्मू :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के अपने तीन दिवसीय दौरे के तहत रविवार को शाम जम्मू पहुंचे। पिछले साल अक्टूबर में केंद्र शासित प्रदेश में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कांफ्रेंस सरकार के गठन के बाद यह उनका पहला दौरा है। अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने तकनीकी हवाई अड्डे पर शाह की अगवानी की। उन्होंने बताया कि गृह मंत्री भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक अग्रिम चौकी का दौरा करेंगे और अपनी यात्रा के दौरान सुरक्षा स्थिति और विकास पहलों की समीक्षा करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री का रविवार रात को त्रिकुटा नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मुख्यालय का दौरा करने और वहां पार्टी विधायकों व अन्य पदाधिकारियों की बैठक में हिस्सा लेने का कार्यक्रम है। शाह का भाजपा मुख्यालय का दौरा ऐसे समय होगा जब पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ता और नेता मुख्यालय में बड़े उत्साह के साथ स्थापना दिवस मना रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि शाह के दौरे के मद्देनजर पुलिस और सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। शाह सोमवार को कठुआ में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सीमा चौकी विनय का दौरा करेंगे और वहां जमीनी हालात का जायजा लेंगे। बाद में, वह जम्मू में राजभवन में जम्मू-कश्मीर पुलिस के शहीदों के परिवार के सदस्यों से मिलेंगे और अनुकंपा के आधार पर चयनित कुछ लोगों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री आठ अप्रैल को सबसे पहले श्रीनगर स्थित राजभवन में आयोजित बैठक में केंद्र शासित प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यो का जायजा लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद वह श्रीनगर स्थित राजभवन में एक अन्य बैठक में भाग लेंगे जहां जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इससे पहले दिन में, जम्मू-कश्मीर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सत शर्मा ने सांसद जुगल किशोर शर्मा, पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता और जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पार्टी मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया।

## वक्फ बोर्ड पर नियंत्रण नहीं चाहती सरकार, कानून के अनुसार कामकाज सुनिश्चित होना चाहिए: नड्डा

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित नहीं करना चाहती बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वे कानून के दायरे में काम करें ताकि उनकी संपत्ति का इस्तेमाल मुस्लिम समुदाय में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार को बढ़ावा देने में किया जा सके। पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि तुर्किये और कई अन्य मुस्लिम देशों की सरकारों ने वक्फ संपत्तियों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। उन्होंने कहा, ''हम (वक्फ बोर्ड का) संचालन कर रहे लोगों से बस यह कह रहे हैं कि आप नियमों के अनुसार काम करें। आपको यह काम नियमानुसार करना होगा।'' नड्डा ने कहा, ''हम वक्फ बोर्ड पर नियंत्रण नहीं चाहते। हमारा लक्ष्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि इसका प्रबंधन करने वाले लोग कानून के दायरे में काम करें और स्थापित नियमों का पालन करें। वक्फ बोर्ड की संपत्ति और धन मुस्लिम समुदाय के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित होगा।'' नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करने से पहले भाजपा प्रमुख ने मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया।

### भाजपा का 46वां स्थापना दिवस : नड्डा ने 98 वर्षीय कार्यकर्ता को सम्मानित किया



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिल्ली की पूर्व महापौर 98 वर्षीय शकुंतला आर्य को सम्मानित किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। आर्य 1997 में दिल्ली की महापौर रहीं। विज्ञप्ति के मुताबिक, नड्डा ने आर्य को पार्टी का पटका पहनाकर और शॉल भेंट करके सम्मानित किया और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसमें कहा गया है कि नड्डा ने दिल्ली के लाजपत नगर स्थित आर्य के आवास पर पार्टी का झंडा भी फहराया। बयान में कहा गया कि इस मौके पर नड्डा के साथ दिल्ली के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, राधा मोहन दास अग्रवाल, स्थानीय विधायक सरदार तरविंदर सिंह मारवाह और पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### उत्तराखंड: मुख्यमंत्री धामी ने मियांवाला का नाम नहीं बदलने का आश्वासन दिया

**देहरादून :** उत्तराखंड के देहरादून के मियांवाला क्षेत्र का नाम बदलकर रामजीवाला करने से उपजा विवाद अब थम गया क्योंकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक प्रतिनिधिमंडल को नाम यथावत रखने का आश्वासन दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक स्थानीय नेता ने रविवार को यह जानकारी दी। भाजपा के स्थानीय नेता कुलदीप बुटोला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने धामी से मुलाकात की थी, जिसमें यह आश्वासन दिया गया। बुटोला ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने भरोसा दिलाया है कि मियांवाला के नाम में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और उन्होंने इस संबंध में संबंधित सचिव को निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने 31 मार्च को मियांवाला सहित हरिद्वार, देहरादून, नैनीताल और उधमसिंह नगर जिलों में स्थित 15 विभिन्न स्थानों के नाम बदलने की घोषणा की थी। धामी ने कहा था कि इन स्थानों के नामों में परिवर्तन जनभावना और भारतीय संस्कृति व विरासत के अनुरूप किया जा रहा है, जिससे लोग इनके संरक्षण में योगदान देने वाले महापुरुषों से प्रेरणा ले सकें।

### गुजरात: एक बंगले में लगी आग में झुलसकर मां और दो साल के बच्चे की मौत

**अहमदाबाद :** गुजरात के अहमदाबाद स्थित एक बंगले में रविवार को आग लग जाने से मां और उसके दो साल के बेटे की झुलसने से मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ज्ञानदा आवासीय सोसायटी स्थित एक मंजिला बंगले में रखे 'एयर कंडीशनिंग' उपकरणों के कारण आग तेजी से फैल गई। वासना पुलिस थाने के निरीक्षक आर. एम. पटेल ने बताया, ''आग में झुलस जाने से सरस्वती मेघानी (33) और उनके दो साल के बेटे सौम्य की मौत हो गई।'' उन्होंने बताया कि बंगले में लगी आग से पड़ोस में स्थित एक घर में मामूली क्षति हुई तथा परिसर के बाहर खड़े चार चौपहिया वाहनों तक भी आग फैल गई। अतिरिक्त मुख्य अग्निशमन अधिकारी जयेश कडिया ने बताया कि अहमदाबाद के विभिन्न अग्निशमन केंद्रों से कम से कम दमकल की 14 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि घर में कुछ 'एयर कंडीशनिंग' उपकरण रखे हुए थे और इनमें विस्फोट होने के कारण आग तेजी से फैल गई।

### करवार नौसैनिक अड्डे के दौरे के बाद राजनाथ सिंह ने नौसेना की प्रशंसा की

**करवार (कर्नाटक) :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के देशों के साथ समन्वय की असाधारण प्रतिबद्धता के लिए भारतीय नौसेना की सराहना की। सिंह ने एक दिन पहले ही रणनीतिक रूप से अहम कर्नाटक स्थित करवार बेस से आईओएस पोत 'सागर' को हरी झंडी दिखाई थी। सिंह ने 'एक्स' पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लेते देखा जा सकता है, जिसमें नौसेना कमांडरों के सम्मेलन, 2025 के पहले चरण में भाग लेना भी शामिल है। सिंह ने शनिवार को नौसैनिक अड्डे का दौरा किया था। रक्षा मंत्री ने कहा, ''करवार नौसेना अड्डे पर एक दिन! राष्ट्रीय समुद्री दिवस के अवसर पर पांच अप्रैल 2025 को मुझे भारत, भारतीय नौसेना और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के लिए वास्तव में उल्लेखनीय मील का पत्थर देखने का सौभाग्य मिला।'' उन्होंने कहा, ''महासागर की सच्ची भावना के अनुरूप, भारतीय नौसेना समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने, हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ जुड़ने तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए अपनी असाधारण प्रतिबद्धता जारी रखे हुए है।'' शनिवार को रक्षा मंत्री सिंह ने कर्नाटक के करवार नौसैनिक अड्डे से हिंद महासागर पोत 'सागर' को हरी झंडी दिखाई थी।

## वक्फ संशोधन विधेयक पारित होना एक ऐतिहासिक निर्णय: रामदेव

**हरिद्वार :** वक्फ संशोधन विधेयक के पारित होने को 'ऐतिहासिक निर्णय' बताते हुए योग गुरु स्वामी रामदेव ने रविवार को कहा कि भारत में सभी धर्मों के लिए एक संविधान और एक कानून की व्यवस्था है जिसे वक्फ कानून से मजबूती मिलेगी। रामदेव ने रामनवमी के पर्व पर संवाददाताओं से यहां बातचीत करते हुए कहा कि देश में हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई, जैन व बौद्ध, सबके लिए एक संविधान, एक कानून की व्यवस्था है और वक्फ कानून बनने से इस व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि यदि वक्फ कानून नहीं बनता तो देश में विभिन्न समुदाय के लोग अलग-अलग बोर्ड बनाने की मांग करते । रामदेव ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल वोटों की राजनीति के लिए वक्फ विधेयक का विरोध कर रहे हैं । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी, जिसे पिछले सप्ताह संसद ने तीखी चर्चा के बाद पारित किया था। पश्चिम बंगाल में रामनवमी शोभायात्रा से पाबंदी हटाए जाने को लेकर उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पाबंदियां राजनीति से प्रेरित होकर वोट बैंक के ध्रुवीकरण के लिए लगाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि रामनवमी, जन्माष्टमी और ईद आदि धार्मिक पर्वों पर कोई पाबंदी नहीं होनी चाहिए। योग गुरु ने कहा कि भारत राम, कृष्ण, हनुमान, शिव का देश है जहां सबका आदर है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी से घृणा नहीं करता।

# गुजरात ने हैदराबाद को सात विकेट से हराया



## सिराज के बाद सुंदर-गिल और रदरफोर्ड चमके

**हैदराबाद:** गुजरात टाइटन्स ने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (17 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 61 रन) के अर्धशतक और वाशिंगटन सुंदर (49 रन) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 56 गेंद में 90 रन की साझेदारी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। सिराज के अलावा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और बायें हाथ के स्पिनर साई किशोर के दो दो विकेट झटकने से सनराइजर्स हैदराबाद 20 ओवर में आठ विकेट पर 152 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटन्स ने गिल और शेरफाने रदरफोर्ड (नाबाद 35 रन, 16 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के बीच चौथे विकेट के लिए 21 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी से 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर जीत हासिल की। इस तरह सनराइजर्स हैदराबाद को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा। गुजरात टाइटन्स की भी शुरूआत अच्छी नहीं रही जिसने तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (05) और अगले ओवर में जोस बटलर (शून्य) के विकेट गंवा दिए। पर कप्तान गिल और आल राउंडर वाशिंगटन सुंदर ने मिलकर टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। सुंदर अपने अर्धशतक से एक रन से चूक गए। गिल ने 43 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके लगाए। सुंदर ने 29 गेंद में पांच चौके और दो छक्के से 49 रन बनाए। यह सुदंर का आईपीएल में सबसे बड़ा स्कोर भी रहा। गिल ने 13वें ओवर में जीशान अंसारी पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। सुंदर अर्धशतक से महज एक रन पहले मोहम्मद शमी की गेंद पर कैच आउट हो गए। शेरफाने रदरफोर्ड ने क्रीज पर उतरते ही अभिषेक शर्मा पर चार चौके से इस ओवर में 18 रन जुटाए। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने अभिषेक को गेंदबाजी के लिए उतारा था जिन्होंने अपने एक ओवर में 18 रन लुटा दिए। फिर टीम को जीत के लिए 30 गेंद में महज 23 रन की चाहिए थे जिसे उसने आसानी से बना लिया। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद खराब शुरूआत की।

# बुमराह करेंगे वापसी, आरसीबी के खिलाफ मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

**मुंबई :** जसप्रीत बुमराह की वापसी से मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी की चिंताएं थोड़ी कम हो सकती हैं लेकिन उसे अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बुमराह ने शनिवार रात को मुंबई इंडियंस के शिविर में शामिल होने के बाद रविवार को यहां नेट्स पर अभ्यास किया जो मुख्य कोच महेला जयवर्धने के लिए आरसीबी के खिलाफ मैच के लिए उनकी उपलब्धता की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त संकेत है। पांच बार के चैंपियन मुंबई को अभी तक चार मैच में से तीन में पराजय का सामना करना पड़ा है। उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं तथा अभी तक उसकी तरफ से सूर्यकुमार यादव और रयान रिकेलटन ही अर्धशतक लगा पाए हैं। यह आईपीएल में प्रति बल्लेबाज अर्धशतक लगाने के मामले में सबसे कम है।




मुंबई के बल्लेबाजी में संघर्ष के केंद्र में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं जो अभी तक कुछ खास योगदान नहीं दे पाए हैं। रोहित घुटने में चोट के कारण लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। उनके अलावा मध्यक्रम से बल्लेबाज तिलक वर्मा अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं। यह देखना होगा कि रोहित आरसीबी के खिलाफ मैच के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं लेकिन मुंबई को जल्द से जल्द अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। मुंबई की बल्लेबाजी अभी तक सूर्यकुमार पर निर्भर रही है जिन्होंने चार मैच में 177 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार ने लखनऊ के खिलाफ अर्धशतक जमा कर अपनी टीम की उम्मीद जगा दी थी लेकिन तिलक वर्मा तेजी से रन नहीं बना पाए जिससे मुंबई को हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ कप्तान हार्दिक पंड्या के पांच विकेट के बावजूद मुंबई के गेंदबाज रन प्रवाह नहीं रोक पाए थे और इसके बाद उसके बल्लेबाज लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे। मुंबई इंडियंस के लिए यह अच्छी खबर है कि उसे प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आरसीबी के खिलाफ मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं लेकिन यह देखना बाकी है कि वह गेंदबाजी करने के लिए पूरी तरह से फिट हैं या नहीं। मुंबई ने अभी तक अपनी एकमात्र जीत कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वानखेड़े में हासिल की थी और उसके खिलाड़ी इस मैच से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे।

# भारत को विश्व मुक्केबाजी कप में छह पदक

**नयी दिल्ली :** भारतीय मुक्केबाजों ने ब्राजील के फोज डू इगुआकू में आयोजित विश्व मुक्केबाजी कप में अपने अभियान का अंत छह पदक के साथ किया जिसमें हितेश का स्वर्ण पदक भी शामिल है। भारत विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित किसी शीर्ष स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रहा था। हितेश विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोटिल हो गए थे और शनिवार को 70 किग्रा वर्ग के फाइनल के लिए रिंग में नहीं उतर सके। भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने भी 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में



जगह बनाई लेकिन स्थानीय दावेदार यूरी रेइस को कड़ी टक्कर देने के बावजूद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के जादुमणि सिंह मंदेंगबाम (50 किग्रा), मनीष राठौड़ (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। हितेश ने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय टूर्नामेंट से पहले ब्राजील में आयोजित 10 दिवसीय तैयारी शिविर को दिया जिससे उन्हें और टीम को बहुत मदद मिली। हितेश ने कहा, ''शिविर ने मुझे कुछ रणनीतिक बारीकियां सीखने में मदद की जिससे मुझे प्रतियोगिता में बहुत मदद मिली। इस टूर्नामेंट ने हमें उच्चतम स्तर का अनुभव प्रदान किया और मुझे खुशी है कि मैं स्वर्ण पदक जीत सका।'' भारत ने विश्व मुक्केबाजी कप में 10 सदस्यीय दल उतारा था जो पेरिस ओलंपिक के बाद टीम का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। इस मजबूत प्रदर्शन से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा क्योंकि वे 2028 लॉस एंजिलिस खेलों से पहले ओलंपिक चक्र की तैयारी भी शुरू करेंगे।

## 1996 में श्रीलंका के आक्रामक खेल ने टी20 क्रिकेट के आगमन का पूर्वाभास करा दिया था: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीलंका की विश्व कप विजेता टीम की सराहना करते हुए कहा कि देश की आक्रामक और अभिनव शैली ने टी20 क्रिकेट के आगमन का पूर्वाभास करा दिया था। एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को टीम के साथ बातचीत के दौरान कहा कि भारत की 1983 विश्व कप जीत और श्रीलंका की 1996 की जीत ने वैश्विक क्रिकेट परिदृश्य में परिवर्तनकारी भूमिका निभाई। श्रीलंका की 1996 विश्व कप विजेता टीम में सनथ जयसूर्या, चामिंडा वास, अरविंदा डिसिल्वा, मार्वन अटापट्टू, रविंद्र पुष्पकुमारा, उपुल चंदना, कुमार धर्मसेना और रोमेश कालूवितरणा जैसे खिलाड़ी शामिल थे। एक अधिकारी ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने माना कि 1996 के विश्व कप में श्रीलंकाई क्रिकेट की आक्रामक और अभिनव शैली ने एक तरह से टी20 क्रिकेट को जन्म दिया। ''इस द्वीपीय देश की अपनी यात्रा के दौरान मोदी ने 1996 में बम विस्फोट के बावजूद भारत की श्रीलंका यात्रा को याद किया तथा इसे खेल भावना और स्थायी मित्रता का एक मजबूत प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने 2019 के आतंकी हमलों के तुरंत बाद श्रीलंका का दौरा किया था। अधिकारी ने कहा, ''श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री मोदी से श्रीलंका के उत्तरी हिस्से खासकर जाफना में एक उच्च स्तर वाले क्रिकेट मैदान के विकास का समर्थन करने का अनुरोध किया।'

## सेमीफाइनल के दूसरे चरण में जमशेदपुर एफसी के खिलाफ वापसी के इरादे से उतरेगा मोहन बागान

**कोलकाता :** मेजबान मोहन बागान सुपर जाइंट सोमवार को यहां इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने सेमीफाइनल मुकाबले के दूसरे चरण में जमशेदपुर एफसी के खिलाफ वापसी करने के इरादे से उतरेगा। मोहन बागान सुपर जाइंट की टीम पहले चरण का मुकाबला 1-2 से हार गई थी और विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगान में उसे बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी। लीग शील्ड जीतने वाले मोहन बागान का मनोबल इस बात से भी बढ़ेगा कि उसके घरेलू मैदान में पिछले छह मैच में उसके खिलाफ एक भी गोल नहीं हुआ है। टीम की नजरें अब दूसरे चरण में बेहतर प्रदर्शन करके लगातार तीसरे साल खिताबी मुकाबले में जगह बनाने पर टिकी हैं। मोहन बागान सुपर जाइंट के कोच जोस मोलिना ने कहा कि उनका फाइनल में जगह बनाना है। मोलिना ने कहा, ''इस समय मेरे दिमाग में सिर्फ मैच का दिन है। हमें अच्छा प्रदर्शन करना है और जीतना है - यही हमारा लक्ष्य है। हमने इस मैच के लिए अपनी तैयारियां पहले जैसी ही रखी हैं।' जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच खालिद जमील घरेलू मैदान पर मोहन बागान सुपर जाइंट की ताकत से वाकिफ हैं। उन्होंने कहा, ''मोहन बागान सुपर जाइंट के बारे में कोई संदेह नहीं है जो हमेशा बहुत अच्छा खेलता है, विशेषकर घरेलू मैदान पर।'



## जवाबी शुल्क का फायदा उठाने की तैयारी में खिलौना उद्योग, निर्यात बढ़ने की उम्मीद



**नयी दिल्ली :** भारतीय खिलौना उद्योग अमेरिका की तरफ से चीन एवं वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों पर लगाए गए उच्च सीमा शुल्क का फायदा उठाने के लिए तैयार है। निर्यातकों का कहना है कि घरेलू कंपनियों ने पहले ही क्षमता विस्तार और वैश्विक फर्मों के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। निर्यातकों ने कहा कि हाल ही में अमेरिका के शुल्क बढ़ाने के बाद भारत एक फायदे की स्थिति में है, क्योंकि भारतीय निर्यातक तुलनात्मक रूप से अधिक शुल्क वृद्धि झेल रहे अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में इस प्रभाव को आसानी से झेल सकते हैं। अमेरिका ने भारत पर 26 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया है जबकि वियतनाम पर 46 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत, चीन पर 54 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत और थाईलैंड पर 36 प्रतिशत शुल्क लागू हुआ है। प्लेग्रो टॉयज इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मनु गुप्ता ने कहा कि भारतीय निर्यातकों के लिए यह एक बड़ा अवसर है, क्योंकि अब अमेरिका में भारतीय खिलौनों पर प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कम शुल्क लगेगा। उन्होंने बताया कि कई बड़ी खिलौना कंपनियां भारत में अपने संयंत्र स्थापित करने की संभावना तलाश रही हैं। खिलौना उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में भारत का खिलौना निर्यात 32.6 करोड़ डॉलर से 34.8 करोड़ डॉलर के बीच रहा है। गुप्ता ने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के जल्द पूरा होने से भारतीय खिलौना कंपनियों को अपने निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी। सनलॉर्ड समूह के प्रवर्तक अमिताभ खरबंदा ने भी इस राय से सहमति जताते हुए कहा कि खिलौनों के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना की बजट घोषणा से इस क्षेत्र को और अधिक सहायता मिलेगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियों को निर्यात बढ़ाने के लिए अपनी उत्पादन क्षमताओं का तेजी से विस्तार करना होगा।

## अमेरिकी शुल्क के बाद भारत का प्रदर्शन दूसरे देशों से बेहतर: एनएसई सीईओ


**कटरा :** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशीष कुमार चौहान ने रविवार को कहा कि अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाए जाने के बाद दुनिया में असमंजस की स्थिति बनी हुई है लेकिन भारत अन्य देशों की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। चौहान ने यहां पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि अगले एक या दो सप्ताह में अमेरिकी सीमा शुल्क को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस पर बातचीत होगी और शुल्क ढांचे को स्थिर किया जाएगा। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि जवाबी शुल्क पर अमेरिकी कदम के बाद भारतीय शेयर बाजार अन्य देशों की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। चौहान ने कहा, आपने पिछले दो-तीन दिनों में बाजार का हाल देखा होगा। अमेरिका ने कर पर फैसला



किया है, जो दुनिया के हर देश पर लागू है। उन्होंने भारत के लिए भी नए आयात शुल्क लगाए हैं, जो अन्य देशों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। एनएसई प्रमुख ने कहा कि अमेरिका और दुनिया की भावी रणनीति के बारे में स्पष्ट तस्वीर अगले सप्ताह स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि अन्य देशों की तुलना में भारत की स्थिति थोड़ी मजबूत है।

# टेस्ला के आने से भारत में ईवी बाजार बढ़ेगा, प्रतिस्पर्धा को लेकर चिंतित नहीं : बीएमडब्ल्यू


**नयी दिल्ली :** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया भारत के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में टेस्ला के आने की संभावना को लेकर चिंतित नहीं है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विक्रम पावाह का मानना है कि टेस्ला के आने से इस खंड को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।पावाह ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा के समूह भारत में दो ब्रांड.... बीएमडब्ल्यू और मिनी के तहत कुल 1,249 इलेक्ट्रिक कार बेच चुका है। 2025 की पहली तिमाही में कंपनी पहले ही 646 इकाइयां बेच चुकी है।उन्होंने कहा कि हमने भारत में अपनी कुल बिक्री में से 15 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन के जरिये हासिल करने का अनुमान लगाया है। पावाह ने कह, ''मुझे




लगता है कि बाजार बढ़ना चाहिए। जब भी अधिक प्रतिस्पर्धा होती है, तो हमने देखा है कि बाजार बढ़ता है।'' उनसे पूछा गया था कि टेस्ला के भारत में प्रवेश करने के साथ ईवी बाजार कैसे आकार लेगा और इसपर बीएमडब्ल्यू का क्या रुख रहेगा। अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता से प्रतिस्पर्धा के बारे में पूछे जाने पर पावाह ने कहा, ''दुनिया के सभी बाजारों में, हम साथ-साथ मौजूद हैं। आप पिछले साल दुनियाभर के आंकड़े देख सकते हैं, हम ही हैं जो आगे बढ़ रहे थे। वैश्विक स्तर पर हमारी ईवी की बिक्री बढ़ी है।'' उन्होंने कहा कि बहुत अधिक विनिर्माता इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में वृद्धि के बारे में बात नहीं कर सकते हैं। वर्ष 2024 में बीएमडब्ल्यू ग्रुप ने कुल 4,26,594 पूर्ण-इलेक्ट्रिक वाहन बेचे और ईवी की बिक्री में उसने 13.5 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। बीएमडब्ल्यू और मिनी दोनों ब्रांड ने क्रमशः 3,68,523 इकाइयों (11.6 प्रतिशत) और 56,181 इकाइयों (24.3 प्रतिशत) के साथ इलेक्ट्रिक वाहन बिक्री में दो अंकीय वृद्धि दर्ज की। फरवरी में टेस्ला ने भारत में विभिन्न भूमिकाओं के लिए नियुक्तियां शुरू की हैं। इनमें कारोबार परिचालन विश्लेषक और ग्राहक सहायता विशेषज्ञ शामिल हैं। यह कंपनी के भारतीय बाजार में प्रवेश का संकेत देता है।

# देश में 39.2 लाख बैंक खाते महिलाओं के पास : सरकारी रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** देश में 39.2 प्रतिशत बैंक खाते महिलाओं के पास हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात 42.2 प्रतिशत है। एक सरकारी रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने रविवार को भारत में महिला और पुरुष 2024: चयनित संकेतक और आंकड़े शीर्षक से अपने प्रकाशन का 26वां संस्करण जारी किया। यह प्रकाशन भारत में लैंगिक परिदृश्य का एक व्यापक अवलोकन प्रस्तुत करता है, जिसमें जनसंख्या, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक भागीदारी और निर्णय लेने जैसे प्रमुख क्षेत्रों में चयनित संकेतक और आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं। ये आंकड़े विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संगठनों से प्राप्त किए गए हैं। मंत्रालय के बयान के मुताबिक, रिपोर्ट में बताया गया है कि महिलाओं के पास सभी बैंक खातों का 39.2 प्रतिशत हिस्सा है जबकि कुल जमा में उनका योगदान 39.7 प्रतिशत है। ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी भागीदारी सबसे अधिक है, जहां कुल बैंक खातों में उनका हिस्सा 42.2 प्रतिशत है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में डीमैट खातों में वृद्धि होना शेयर बाजार में लोगों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। 31 मार्च, 2021 से 30 नवंबर, 2024 तक डीमैट खातों की कुल संख्या चार गुना से अधिक होकर 3.32 करोड़ से बढ़कर 14.30 करोड़ हो गई है। पुरुष डीमैट खाताधारकों की संख्या लगातार महिला खाताधारकों से अधिक रही है, लेकिन महिलाओं की भागीदारी में भी वृद्धि देखी गई है। पुरुष खातों की संख्या 2021 के 2.65 करोड़ से बढ़कर 2024 में 11.53 करोड़ हो गई, जबकि इसी अवधि के दौरान महिला खातों की संख्या 66.7 लाख से बढ़कर 2.77 करोड़ हो गई। वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान विनिर्माण, व्यापार और अन्य सेवा क्षेत्रों में महिलाओं की अगुवाई वाले प्रतिष्ठानों का प्रतिशत बढ़ता हुआ देखा गया है। महिला मतदाता पंजीकरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कुल मतदाताओं की संख्या 1952



के 17.32 करोड़ से बढ़कर 2024 में 97.8 करोड़ हो गई। वर्षों से मतदान करने वाली महिलाओं की संख्या में भिन्नता रही है। यह 2019 में 67.2 प्रतिशत तक पहुंच गई, लेकिन 2024 में थोड़ी गिरावट के साथ 65.8 प्रतिशत रह गई। 2024 में मतदान करने वाली महिलाएं, पुरुषों से आगे निकल गईं। पिछले कुछ वर्षों में, डीप-ीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त ऐसी स्टार्टअप फर्मों की संख्या बढ़ी है, जिसमें कम से कम एक महिला निदेशक है। यह महिला उद्यमिता में सकारात्मक प्रवृत्ति को दर्शाता है। ऐसे स्टार्टअप की कुल संख्या 2017 में 1,943 से बढ़कर 2024 में 17,405 हो गई।

## रिजर्व बैंक मौद्रिक समीक्षा बैठक में रेपो दर में कर सकता है 0.25 प्रतिशत की एक और कटौती

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस सप्ताह अपनी मौद्रिक समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में एक बार फिर से 0.25 प्रतिशत तक की कटौती कर सकता है। मुद्रास्फीति में कमी से केंद्रीय बैंक के पास ब्याज दर में कटौती की गुंजाइश है। अमेरिका की तरफ से जवाबी सीमा शुल्क लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियां पैदा हो गई हैं। ऐसे में घरेलू मोर्चे पर भी आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन देने की जरूरत महसूस की जा रही है। फरवरी में गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। यह मई, 2020 के बाद रेपो दर में पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था। एमपीसी की 54वीं बैठक सात अप्रैल से शुरू होगी। बैठक के नतीजों की घोषणा नौ अप्रैल को की जाएगी। आरबीआई गवर्नर के अलावा एमपीसी में केंद्रीय बैंक के दो वरिष्ठ अधिकारी और सरकार द्वारा नियुक्त तीन लोग होते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने फरवरी, 2023 से रेपो दर (अल्पकालिक उधार दर) को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा था। पिछली बार आरबीआई ने कोविड के समय (मई, 2020) रेपो दर में कमी की थी और उसके बाद इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था।

## न्यूज अपडेट

### स्विगी को 7.59 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस

**नयी दिल्ली :** ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने-पीने और किराना सामान की आपूर्ति करने वाले मंच स्विगी को अप्रैल, 2021 से मार्च, 2022 की अवधि के लिए पुणे के व्यवसाय कर अधिकारी के कार्यालय से 7.59 करोड़ रुपये का मूल्यांकन आदेश मिला है। स्विगी ने शनिवार शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि कंपनी के खिलाफ महाराष्ट्र राज्य व्यवसाय, व्यापार एवं रोजगार कर अधिनियम, 1975 के तहत कर्मचारियों के वेतन से व्यवसाय कर की कटौती से संबंधित प्रावधानों का उल्लंघन करने का आरोप लगा है। स्विगी ने कहा, ''कंपनी का मानना है कि उसके पास इस आदेश के खिलाफ मजबूत तर्क हैं और वह समीक्षा/अपील के माध्यम से अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रही है।

### अगले पांच साल में घरेलू यात्री वाहन बाजार में ईवी की हिस्सेदारी 12-13 प्रतिशत होगी : हुंदै

**नयी दिल्ली :** भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है और अगले चार-पांच साल में इसकी घरेलू यात्री वाहन खंड में 12 से 13 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। हुंदै मोटर इंडिया के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि उद्योग को अब यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि देश में आगे बढ़ने का रास्ता ईवी ही है। गर्ग ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा, ''पहले यह साफ नहीं था कि यह ईवी होगा या हाइब्रिड या कोई अन्य प्रौद्योगिकी। अब यह स्पष्ट है कि सभी नीतियां ईवी के पक्ष में हैं।'' उन्होंने कहा कि हुंदै, महिंद्रा और टाटा मोटर्स जैसी मुख्यधारा की मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) पहले से ही इस क्षेत्र में हैं, और अब मारुति सुजुकी के इस क्षेत्र में उतरने के साथ यह स्पष्ट है कि ईवी की पहुंच बढ़ने वाली है। उन्होंने कहा कि 2030 तक ईवी की पैठ लगातार बढ़ने की उम्मीद है।

### डब्ल्यूटीओ समझौतों से भारत को भारी नुकसान, बाहर निकलने पर विचार की जरूरत: स्वदेशी जागरण मंच

**नयी दिल्ली :** स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) ने रविवार को कहा कि अमेरिका की तरफ से जवाबी सीमा शुल्क लगाए जाने के साथ भारत को अपनी अंतरराष्ट्रीय व्यापार रणनीति नए सिरे से तय करनी चाहिए और डब्ल्यूटीओ में ट्रिप्स और ट्रिम्स जैसे 'शोषणकारी समझौतों' से बाहर निकलने पर विचार करना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े संगठन एसजेएम ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (ट्रिप्स) पर समझौते से भारत को रॉयल्टी व्यय में 'भारी नुकसान' होने के साथ इसका सार्वजनिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। एसजेएम ने एक बयान में कहा कि भारत का रॉयल्टी व्यय 1990 के दशक में एक अरब डॉलर से कम था लेकिन अब यह 17 अरब डॉलर प्रति वर्ष से अधिक हो गया है। ट्रिप्स समझौता बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के लिए न्यूनतम मानक स्थापित करता है, जबकि डब्ल्यूटीओ व्यापार-संबंधित निवेश उपायों या ट्रिम्स में समझौता कुछ निवेश उपायों को सीमित करता है जो व्यापार को नुकसान पहुंचाते हैं। एसजेएम के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने बयान में कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा 'एकतरफा' शुल्क लगाना विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का पूर्ण उल्लंघन है। उन्होंने कहा, जब हम डब्ल्यूटीओ के लिए पूरी तरह से अवहेलना देख रहे हैं, तो व्यापार एवं तटकर पर सामान्य समझौते (गैट) में ट्रिप्स, ट्रिम्स, सेवाओं और कृषि पर समझौतों के बारे में नए सिरे से सोचने का समय आ गया है। महाजन ने कहा कि यह साबित हो चुका है कि डब्ल्यूटीओ जैसे बहुपक्षीय समझौते भारत जैसे विकासशील देशों के लिए अच्छे नहीं हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 4199 अंक 009, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in